दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 260 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 13 अक्टूबर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 2 रुपए+st ■ पृष्ठ : 8+st

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## नव विधान – न्याय की नई पहचान कार्यक्रम

### का शुभारम्भ

द्वारा

### श्री अमित शाह

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

**सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025 | प्रातः 10:00 बजे | जेईसीसी, जयपुर**

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री
राजस्थान

**न्यायमूर्ति श्री संजीव प्रकाश शर्मा**
माननीय कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति
राजस्थान उच्च न्यायालय

### नए आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन

4 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग

9,300 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के पेटे ₹364 करोड़ राशि का हस्तान्तरण

47,000 विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के पेटे ₹260 करोड़ राशि का हस्तान्तरण

विकसित राजस्थान-2047 की कार्ययोजना का विमोचन

150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना पोर्टल का शुभारम्भ

**एफ.एस.एल. के 56 वाहन एवं**
**महिला सुरक्षा पेट्रोलिंग के लिए 100 स्कूटियों एवं मोटरसाइकिलों की रवानगी**

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# डॉ. गोपाल राय चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा व रोटरी क्लब अलवर फोर्ट के सहयोग से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहने वाले डॉ. गोपाल राय चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट, अलवर द्वारा रोटरी ब्लड बैंक, अंबेडकर नगर, अलवर में एक भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन रोटरी क्लब अलवर फोर्ट के सक्रिय सहयोग से सम्पन्न हुआ। रोटरी क्लब अलवर फोर्ट के वर्तमान अध्यक्ष अर्पण जैन के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में क्लब के सचिव अभिषेक जैन उपस्थित रहे और उन्होंने रक्तदाताओं को प्रेरित कर उनमें नई ऊर्जा का संचार किया। क्लब की समर्पित ब्लड डोनेशन कोऑर्डिनेशन टीम, जिसमें अजय आनंद गोयल, मधुर अग्रवाल एवं तरुण जैन शामिल हैं, इन्होंने आयोजन की




सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है, दिल की बीमारियों की संभावना कम होती है तथा रक्त संचार प्रणाली सक्रिय बनी रहती है। साथ ही यह एक पुण्य कार्य है, जिससे समाज में जीवनदायिनी सहायता पहुँचाई जा सकती है। यह ट्रस्ट द्वारा आयोजित 15 वां रक्तदान शिविर था, और अब तक कुल 981 यूनिट रक्त विभिन्न ब्लड बैंकों में उपलब्ध कराया जा चुका है। इस रक्तदान शिविर में कुल 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो कि अपने आप में एक उल्लेखनीय संख्या है। रक्तदाताओं की सक्रिय सहभागिता ने समाज को एक सशक्त संदेश दिया कि ज़रूरतमंदों की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए। यह शिविर भारत सरकार के "ई-रक्त कोष" पोर्टल पर पंजीकृत था, जहाँ पर देशभर में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरों का डेटा सुरक्षित रखा जाता है। इस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक रक्तदाता को एक युनिक सर्टिफिकेट नंबर के साथ स्वैच्छिक रक्तदान प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। रोटरी ब्लड बैंक, अलवर के डॉ. मदन लाल मधुकर ने ट्रस्ट की निरंतर सामाजिक सेवा की सराहना करते हुए कहा कि समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा ऐसे आयोजन कर ज़रूरतमंदों तक रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है, जो अत्यंत सराहनीय है। संतोष सिंह एवं शिवा गर्ग, ट्रस्ट की ओर से जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. गोपाल राय चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर अनेक सामाजिक गतिविधियाँ संचालित की जाती रही हैं। आगामी आयोजन के रूप में 26 अक्टूबर 2025 को आईएमए हॉल, सामान्य चिकित्सालय परिसर, अलवर में एक प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर (First Aid Training Camp) का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ट्रस्ट की योजना एक "वॉलंटियरी ब्लड डोनर ग्रुप" बनाने की भी है, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में किसी विशेष ब्लड ग्रुप की आवश्यकता होने पर तत्काल संपर्क कर सहायता पहुँचाई जा सके।

## राज्य मुक्केबाजी में तरुण को स्वर्ण, देवेंद्र को रजत पदक



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** जोधपुर में 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष वर्ग की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अलवर के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया। अलवर के तरुण शर्मा ने 90 किलोग्राम वजन वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार छठी बार स्वर्ण पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं अलवर के देवेंद्र मुक्कड़ ने 85 किलोग्राम वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर अलवर जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, तथा संघ के पदाधिकारी साधना शर्मा, भूपेंद्र सिंह राठौड़, दीपक गर्ग, महावीर प्रसाद राजोरिया, राकेश शर्मा, संजय शुक्ला, विनीत जुनेजा, मनीष सैनी, अजीत यादव, विकास शर्मा, बॉक्सिंग कोच संजीव शर्मा, मनीष सैनी,सुनील सैनी, हुकुम सिंह गौड़, गिरीश शर्मा, दीपक प्रजापत और जिले के समस्त मुक्केबाजों ने दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आज आयोजित होंगे शिविर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र के नागरिकों को राहत प्रदान करने एवं उनके मूलभूत कामों को एक ही छत के नीचे सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर सेवा पखवाडे के अंतर्गत शहरी सेवा शिविर आयोजित होंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अलवर नगर निगम क्षेत्र में 13 अक्टूबर को वार्ड सं या 55 से 57 तक के लिए नगर निगम कार्यालय में शिविर आयोजित होंगे। वहीं 13 अक्टूबर को अरावली विहार द्वितीय, जय कॉ पलेक्स, नरू मार्ग, वेयर हाउसिंग गोदाम, नेमीचंद मार्केट, ट्रांसपोर्ट नगर, वैशाली नगर एवं स पूर्ण गैर योजना क्षेत्र के लिए नगर विकास विकास न्यास के नागरिक सेवा केंद्र न्यास परिसर में शिविर का आयोजन होगा।

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ, 200 खिलाडियों ने लिया भाग



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** राजस्थान शतरंज संघ द्वारा राजस्थान राज्य सब जूनियर (अंडर 15) ओपन एवं गर्ल्स चेस चैंपियनशिप का शुभारंभ रविवार को अलवर जिले में किया गया। आयोजन सचिव हरिओम भड़ाना ने बताया कि इस राज्य स्तरीय सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कुल 200 से अधिक खिलाडियो़ ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल ईनामी राशि 41,000 रुपए रखी गई है। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक फीडे आर्बिटर जैनेंद्र चतुर्वेदी एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर अरुण जोशी, राज्य पर्यवेक्षक कैलाश चन्द्र डाड रहे। यह प्रतियोगिता क्लासिकल फॉरमैट में शुरु हुई, जिसमेंआज 4 चक्र पूरे हुए। प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान पर आने वाले खिलाडियों का चयन 2 नवंबर से होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इस दौरान हर्षवर्धन जोशी, यश सोमवंशी, रेखा महलावत, रजनीश जैमन, प्रमोद गुप्ता, डॉ राकेश गुप्ता, नवीन शर्मा, प्रदीप शर्मा, पूजा आदि उपस्थित रहे।

## मॉडलिंग कास्टिंग वर्कशॉप और ऑडिशन का आयोजन

### युवा मॉडल्स को मिलेगा फैशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने का मौका

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)** फैशन क्लब की ओर से शनिवार को "मॉडलिंग कास्टिंग वर्कशॉप एंड ऑडिशन सीजन-1" का आयोजन किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा प्रतिभाओं ने भाग लेकर मॉडलिंग के क्षेत्र



में अपनी कला और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया कार्यक्रम का आयोजन ट्युटोरिया, बंधन रिसोर्ट के सामने, स्कीम-8, अलवर में किया गया। इस मौके पर सेलिब्रिटी जज के रूप में मि. नितिन राणा और मिसेज ईशा अरोड़ा मौजूद रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का चयन किया और उन्हें मॉडलिंग जगत से जुड़ी उपयोगी जानकारियां दीं वही कार्यक्रम में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर स्वाति शर्मा विशेष रूप से शामिल हुईं, जिन्होंने युवाओं को मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत होने के लिए प्रेरित किया। आयोजन मि. ध्रुव जायसवाल और मि. उदय यादव द्वारा किया गया, जबकि हेमंत शर्मा और दिव्यांशु ने कार्यक्रम का प्रबंधन संभाला आयोजकों ने बताया कि चयनित प्रतिभागियों को प्रोफेशनल पोर्टफोलियो शूट का अवसर मिलेगा और उन्हें आने वाले फैशन रनवे इवेंट में वॉक करने का मौका भी प्रदान किया जाएगा। ऑडिशन के लिए प्रतिभागियों को ब्लैक टी-शर्ट और ब्लैक पैंट में आना अनिवार्य था यह आयोजन अलवर के फैशन प्रेमी युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हुआ, जिससे स्थानीय स्तर पर मॉडलिंग के क्षेत्र में नए प्रतिभाशाली चेहरों को पहचान मिली।

## विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने किया अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण

### भवन निर्माण का दिया आश्वासन



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(नि.सं.)।** विधानसभा क्षेत्र के बर्ड़ोद स्थित अंबेडकर चौक पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें समानता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। बाबा साहब ने भारत के संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय, समान अवसर और एक समरस समाज की जो नींव रखी, वही आज राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। युवाओं से उन्होंने आह्वान किया कि वे डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को जीवन में अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लें। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जसवंत सिंह यादव ने अंबेडकर कॉलोनी, बर्ड़ोद में सड़क निर्माण कार्य के लिए 10 लाख की राशि विधायक कोष से स्वीकृत करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जमीन उपलब्ध होने के पश्चात सामुदायिक भवन का निर्माण भी कराया जाएगा, जिससे स्थानीय निवासियों को सामूहिक गतिविधियों के लिए एक सशक्त मंच प्राप्त होगा। डॉ. यादव ने कहा कि बहरोड़ क्षेत्र का संतुलित और समग्र विकास उनका संकल्प है, जिसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल एवं सामाजिक उत्थान के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर आरसीए सदस्य डॉ. मोहित जसवंत यादव, नगरपालिका बर्ड़ोद की चेयरमैन पूजा निमोरिया, डॉ. भीमराव अंबेडकर ज्ञान प्रकाश समिति के अध्यक्ष छोटेलाल बर्ड़ोदिया सहित समिति के पदाधिकारीगण सहित बड़ी संख्या नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोगों ने विधायक की घोषणाओं का तालियां बजाकर स्वागत किया।

## बाजार में पटरी पर सामान बेचने वाले बच्चों और महिलाओं को बांटे उपहार

### नेक कमाई का उम्मीदों के दीप कार्यक्रम में घंटाघर क्षेत्र में चलाया मिशन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से दिपावली पर पटरी पर और घूमते हुए सामान बेचने वाले बच्चों और महिलाओं को उपहार दिए गए जिससे घंटाघर पर एक बार हैप्पी दिपावली के घोष से वातावरण गूंज उठा। नेक कमाई फाउंडेशन के कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि संरक्षक दौलत राम हजरती ने एक बच्ची को सूट देकर इस अभियान की शुरूआत की। इसके तहत बच्चों और महिलाओं को चश्में, शॉल, साडियां, सूट, मिठाई, बिस्कुट, पानी की बोतल, हाथ में पहनने के ज्वैलरी वाले कड़े, गर्म टोपी सहित कपड़े वितरित किए। जब यह उपहार बांटे जा रहे थे तो यहां काफी संख्या में बच्चों ने हैपी दिवाली के नारे लगाए। कार्यक्रम में नेक कमाई के महिला स्वावलंबन कार्यक्रम की प्रोजेकट डायरकेटर बिंदू कपूर, इवेंट हैड रेखा महलावत, युवा प्रकोष्ठ संयोजक निष्ठा नारंग सहित कंचन तनेजा, गंगा वाधवा, पल्लवी सपड़ा, उमेश दुआ, मानवेन्द्र सिंह, उगंती



मीणा और अर्चना सिंह थे।

### घरों तक जाएंगे मिठाई देने-

नेक कमाई के इस अभियान के तहत दीपावली तक बहुत से जरूरतमंद परिवारों के बीच जाकर उन्हें मिठाइयां और उपहार देंगे। संरक्षक दौलत राम हजरती ने लोगों से अपील की है कि आपके आस-पास जरूरतमंद परिवारों की दीपावली पर मदद करें और उनके जीवन में खुशी लाए। संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल और मीना तनेजा ने भी लोगों से दीपोत्सव की खुशी हर घर तक पहुंचाने को कहा है। इस कार्यक्रम में सहयोग डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट का रहा। ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद परिवारों को कपड़े व उपहार दिए जा रहे हैं।

## दीपावली पर मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई



### घी-जप्ती, दूषित मिठाई नष्ट

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)** दीपावली से पहले खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिलेभर में कार्रवाई की खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला और सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा के निर्देश पर टीम ने उमरेन बस स्टैंड स्थित शिव डेरी से घी का नमूना लिया और 50 किलो घी मिलावट की आशंका में जप्त किया। सफाई व्यवस्था खराब मिलने पर धारा 32 के तहत नोटिस दिया गया इसी प्रकार शालू डेरी से भी घी के नमूने लिए गए, जो पहले भी अमानक पाए जा चुके हैं। रिपोर्ट दोबारा अमानक आने पर धारा 64 में कार्रवाई होगी अभियान में कान्हा डेरी (कुशलगढ़ तिराया) से घी, रामधन स्वीट्स और दिवानचंद स्वीट्स (भरतरी तिराया) से मावा के नमूने लिए गए और 30 किलो दूषित मिठाई नष्ट कराई गई अन्य दुकानों से भी कलाकंद, रसगुल्ला, काजू कतली और लड्डू के नमूने जांच हेतु लिए गए यह अभियान 6 से 19



अक्टूबर तक जारी रहेगा। विभाग ने जनता से अपील की है कि वे ताजा खाद्य सामग्री ही खरीदें, और कहीं मिलावट की सूचना मिले तो सीएमएचओ कार्यालय, अलवर को तुरंत अवगत कराएं। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल केशव गोयल, अशोक लखेरा, जय सिंह यादव एवं विश्व बंधु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सैनी समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** महात्मा मोहनदास सेवा समिति तथा सैनी युवा महासभा अलवर जिला के संयुक्त तत्वाधान में सैनी समाज अलवर जिला "दीपावली मिलन समारोह" सैनी स्कूल, मनुमार्ग अलवर प्रांगण में मनाया गया। जिला सैनी युवा महासभा अध्यक्ष डॉ. संदीप सैनी बताया कि जिला अलवर सैनी समाज का दीपावली मिलन समारोह महात्मा मोहनदास सेवा समिति तथा सैनी युवा महासभा अलवर जिला के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलवर जिला सैनी महासभा अध्यक्ष अनिल सैनी ने की कार्यक्रम संयोजक महात्मा मोहनदास सेवा समिति अध्यक्ष भौरेलाल सैनी रहे। दोनों समितियों के कार्यकारिणी सदस्यों ने कार्यक्रम में पधारे महमानों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम में पधारे समाज के गणमान्य लोगों ने अपना परिचय देते हुए अपने विचार व्यक्त किये तथा अपनी कामयाबी के अनुभवों को सांझा किया तत्पश्चात समाज उत्थान, नारी उत्थान तथा समाज में फैली कुरूतियों पर गहन चिंतन किया। इसके पश्चात समाज को सामाजिक एवं राजनैतिक पटल पर आगे कैसे ले जा सकते है इस पर अपने-अपने विचार प्रकट किये। इस कार्यक्रम में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से उमरैण उपप्रधान महेश सैनी, खुशीराम सैनी, सीताराम सैनी, राघव सैनी, रमेश सैनी, रघूवीर सैनी, बाबुलाल सैनी, बनवारी लाल सैनी, घीसाराम सैनी, अनिल सैनी, अजित सैनी, उमाशंकर सैनी, दुलीचन्द सैनी, सरपंच घनश्याम सैनी, तुलसीराम सैनी, अशोक कुमार सैनी, रोहिताश्व सैन, बाबूलाल सैनी, भँवर सिंह सैनी, भीमराज सैनी, सीन्टू सैनी, पदमसिंह सैनी, अशोक सैनी, नरेश सैनी, हुकमाराम सैनी, बाबूलाल झारिया, बाबूलाल सैनी, झम्मन लाल सैनी, विकास बबेरवाल, पूर्व पार्षद रमन सैनी ओमप्रकाश सैनी, जगदीश सैनी, ताराचन्द सैनी, सतीश सैनी, पूरण सैनी, मनमोहन सैनी, लवनीश सैनी, उमेश सैनी सहित काफी संख्या में सैनी समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए

लोक परिवहन बसों में मनमानी

# यात्रियों से वसूला जा रहा मनमाना किराया, टिकट नहीं दे रहे कंडक्टर

### विभाग कार्रवाई से बेखबर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** जिले में संचालित लोक परिवहन बसों की व्यवस्था पूरी तरह लचर होती जा रही है। जिले के विभिन्न रूटों पर चल रही निजी लोक परिवहन बसों में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है और अधिकांश बसों में कंडक्टर टिकट देना जरूरी नहीं समझते। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि परिवहन विभाग इस पूरे मामले में कार्रवाई के नाम पर मौन बना हुआ है।

### किराया मनमर्जी से तय, टिकट का नामोनिशान नहीं

यात्रियों का कहना है कि बसों में किराया तय दरों से ज्यादा वसूला जा रहा है। जब टिकट मांगा जाता है तो या तो मना कर दिया जाता




है या टालमटोल किया जाता है। कुछ यात्रियों ने बताया कि "कंडक्टर खुलेआम कहते हैं कि टिकट चाहिए तो बस में मत बैठो।"

### विभाग की अनदेखी पर उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सब कुछ परिवहन विभाग की नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय अधिकारी केवल कागजों में जांच दिखाकर फाइलें बंद कर देते हैं। न तो बसों की नियमित चेकिंग होती है और न ही कंडक्टरों पर किसी तरह की जवाबदेही तय की जाती है।

### यात्रियों में बढ़ रहा असंतोष

नियमों के इस खुले उल्लंघन से आम यात्री परेशान हैं। खासकर छात्र, मजदूर और दैनिक यात्रियों को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई बार तो बसें तय रूट से हटकर शॉर्टकट रास्तों से होकर निकल जाती हैं, जिससे सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### कौन है जिम्मेदार?

परिवहन विभाग के साथ-साथ आरटीओ कार्यालय और जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि लोक परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। लेकिन वर्तमान हालात यह दर्शाते हैं कि बस ऑपरेटरों और विभागीय मिलीभगत से यात्रियों का शोषण लगातार बढ़ रहा है।

### जरूरी है सख्त कार्रवाई

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि परिवहन विभाग नियमित निरीक्षण, किराया सूची का सार्वजनिक प्रदर्शन और टिकट व्यवस्था की सख्ती से पालना कराए तो स्थिति सुधर सकती है। बसों में डिजिटल टिकट मशीनें और जीपीएस सिस्टम लागू करने से पारदर्शिता लाई जा सकती है।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
13 अक्टूबर, 2025

## कांग्रेस को लोकतंत्र पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं- मदन राठौड़



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस पार्टी का इतिहास लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं के दमन से भरा हो, उसे पारदर्शिता और जवाबदेही पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 50 से अधिक सरकारें गिराईं, संवैधानिक संस्थाओं को बंधक बनाया और तुष्टिकरण की राजनीति के ज़रिए समाज को बाँटने का काम किया। अब जब वही पार्टी पारदर्शिता की बात करती है, तो यह ढोंग और दोहरा चरित्र ही प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास आपातकाल, सेंसरशिप और लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन से भरा हुआ है। "इंदिरा गांधी द्वारा चुनाव जीतने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग और अपने ही प्रत्याशी को हराने के लिए विपक्षी उम्मीदवार को समर्थन देने जैसे उदाहरण कांग्रेस की सोच दर्शाते हैं," राठौड़ ने कहा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने आगे कहा कि एक्ट को सशक्त बनाने का कार्य वास्तव में भाजपा सरकार ने किया है, जिसने ई-गवर्नेंस, डिजिटल एफआईआर और समयबद्ध जवाबदेही को कानून का हिस्सा बनाया। वहीं कांग्रेस भ्रम फैलाने और झूठ की राजनीति में माहिर है। उन्होंने कहा कि डोटासरा ने पहले भी कृषि बिल, महिला आरक्षण और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर जनता को गुमराह किया, लेकिन हर बार सत्य सामने आया और कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हुआ। डोटासरा के बयान "मदन जी की बात का क्या जवाब दूं" पर पलटवार करते हुए राठौड़ ने कहा कि "उनके पास जवाब है ही नहीं, क्योंकि मैंने जो कहा वह तथ्य और सच्चाई पर आधारित है।" उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि "जहां-जहां अशोक गहलोत प्रचार के लिए गए – गुजरात, महाराष्ट्र – वहां कांग्रेस हार गई, अब वे बिहार जा रहे हैं, और वहां भी कांग्रेस की हार तय है।" राठौड़ ने कहा कि भाजपा की राजनीति राष्ट्रवाद, सुशासन और पारदर्शिता पर आधारित है, जबकि कांग्रेस अब भी धोखे, भ्रम और सत्ता की भूख की राजनीति से बाहर नहीं आ सकी है।

# 2014 के बाद सूचना के अधिकार को षडयंत्र पूर्वक किया जा रहा कमजोर : कांग्रेस

### सूचना के अधिकार के 20 साल पूरा होने पर गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके इस कानून को लेकर मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा तथा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा आरटीआई एक्ट लागू होने के 20 वर्ष पूर्ण होने पर जारी संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके इस एक्ट पर विस्तार पूर्वक अपनी बातें पत्रकारों से कहीं द्य डोटासरा और जूली ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार और सोनिया गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व में 12 अक्टूबर 2005 को ऐतिहासिक सूचना का अधिकार अधिनियम अस्तित्व मेंआया। यह यूपीए सरकार के अधिकार-आधारित एजेंडा की पहली कड़ी थी, जिसमें मनरेगा (2005), वन अधिकार अधिनियम (2006), शिक्षा का अधिकार (2009), भमि अधिग्रहण मेंउचित मुआवज़ा का अधिकार अधिनियम (2013) और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (2013) शामिल थे। इन दोनों नेताओं ने कहा कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकरणों के पास मौजूद जानकारी तक पहुँच प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना था, ताकि शासन व्यवस्था अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बन सके। आरटीआई समाज के सबसे हाशिए पर बसे लोगों के लिए जीवन रेखा साबित हुई है- इसने नागरिकों को



उनके हक़ जैसे राशन, समय पर पेंशन, बकाया मज़दूरी और छात्रवृत्तियाँ दिलाने में मदद की है। इसने सुनिश्चित किया कि सबसे ग़रीब व्यक्ति को जीवन की बुनियादी ज़रूरतों सेवंचित न किया जाए लेकिन देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के गठन के बाद2014 सूचना का अधिकार कानून लगातार कमज़ोर किया जा रहा है जिससे हमारे देश की पारदर्शिता और लोकतांत्रिक ढांचे पर आघात हुआ है। डोटासरा और जूली ने कहा इस कानून को कमजोर करने की दिशा में वर्ष 2019 के संशोधनों ने स्वतंत्रता को कमज़ोर किया और कार्यपालिका का प्रभाव बढ़ाया। 2019 के संशोधन ने सूचना आयोगों की स्वायत्तता को कमज़ोर कर दिया। पहले, आयुक्तों का कार्यकाल 5वर्ष का तय था और उनकी सेवा शर्तें सुरक्षित थीं। संशोधन के बाद केंद्र सरकार को कार्यकाल और सेवा शर्तेंतय करनेका अधिकार देदिया गया, जिससे स्वतंत्रता प्रभावित हुई और कार्यपालिका का प्रभाव बढ़ा। कांग्रेस के इन दोनों बड़े नेताओं ने कहा कि 2023 - डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम और धारा 44(3) डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम आरटीआई की धारा 8 (1) (र) में संशोधन किया जिससे व्यक्तिगत जानकारी" की परिभाषा का दायरा बहुत बढ़ा दिया गया। पहले व्यक्तिगतजानकारीजनहित मेंहोनेपर उजागर की जा सकती थी, लेकिन अब संशोधित प्रावधान कहता है- कोई भी ऐसी जानकारी जो व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित हो, प्रकट नहीं की जाएगी। इसका अर्थ यह है किह व्यक्तिगत जानकारी को पूर्णत: अपवाद बना दिया गया है। इससे सार्वजनिक कर्तव्यों या सार्वजनिक धन के उपयोग से संबंधित जानकारी का खुलासा भी रोका जा सकता है, जो आरटीआई के पारदर्शिता सिद्धांत के विरुद्ध है। महत्वपर्णू सार्वजनिक डेटा को निजीमानकर यह संशोधन मतदाता सूची, व्यय विवरण या अन्य जनहित से जुड़ी सूचनाओं के प्रकटीकरण से इनकार का रास्ता खोल देता है। इससे सार्वजनिक निगरानी की प्रक्रिया पर सीधा असर पड़ता है- यही प्रक्रिया थी जिसके ज़रिए एमपीएलएडी फंड के दुरूपयोग, मनरेगा में फर्जी लाभार्थियों और अस्पष्ट राजनीतिक फंडिंग जैसी अनेक गड़बड़ियाँ उजागर हुई थीं। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली ने कहा कि केंद्रीय और राज्य सूचना आयोगों पर हमले किए केंद्रीय सूचना आयोग आज अपनी अब तक की सबसे कमज़ोर स्थिति में है- 11 स्वीकृत पदों के मुकाबले केवल दो आयुक्त कार्यरत हैं और सितंबर 2025 के बाद मुख्य आयुक्त का पद भी रिक्त है। इस तरह की स्थिति यूपीए शासन के दौरान कभी नहीं रही। कांग्रेस के इन दोनों बड़े नेताओं ने कहा कि जून 2024 तक देशभर के 29 आयोगों में लगभग 4,05,000 अपीलें और शिकायतें लंबित थी- जो 2019 की तुलना में लगभग दोगुनी हैं। नवंबर 2024 तक केवल केंद्रीय सूचना आयोग मेंही लगभग 23,000 लंबित मामले हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम की 20वीं वर्षगाठ पर हम दोहराते हैं कि सूचना का अधिकार केवल एक कानून नहीं बल्कि भारत के नागरिकों के संवैधानिक और सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रत्यक्ष के नेता टीकाराम जूली ने 2019 के सशोधनों को निरस्त कर सूचना आयोगों की स्वतंत्रता बहाल की जाए और आयुक्तों के लिए 5 वर्ष का निश्चित कार्यकाल व सुरक्षित सेवा शर्ते सुनिश्चित की जाएँ डीपीडीपी अधिनियम की उन धाराओं। धारा 44(3)) की समीक्षा व संशोधन किया जाए जो आरटीआई के जनहित उद्देश्य को कमजोर करती है। केंद्र और राज्य आयोगों में सभी रिक्तियों पारदर्शी समयबद्ध प्रक्रिया के माध्यम से तुरत भरी जाएँ आयोगों के लिए कार्य निष्पादन मानक तय किए जाएं और निपटान दर की सार्वजनिक रिपोटिंग अनिवार्य की जाए।

## अंता से भूपेंद्र सैनी भाजपा के हो सकते हैं उम्मीदवार, नाम फाइनल

### भूपेंद्र सैनी प्रमोद जैन भाया और नरेश मीणा के बीच हो सकती है कांटे की टक्कर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। भारतीय जनता पार्टी की ओर से राजस्थान युवा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सैनी को अंता विधानसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने की मुक्त जानकारी मिली अंता विधानसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने की मुक्त जानकारी मिली है अंता विधानसभा सीट से पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने की प्रबल संभावना है हालांकि खबर लिखे जाने तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से भूपेंद्र सैनी के नाम की अधिकृत घोषणा नहीं की गई थी लेकिन



पार्टी के सूत्रों के मुताबिक भूपेंद्र सैनी के नाम पर पार्टी में आम सहमति बन गई है इसलिए अब मान जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी के प्रमोद जैन भाया और भूपेंद्र सैनी तथा नरेश मीणा के बीच इस सेट को लेकर कड़ा मुकाबला हो सकता है उल्लेखनीय है कि भूपेंद्र सैनी राजस्थानी युवा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं पार्टी के संगठन में उन्होंने लंबे समय तक काम किया है इसके अलावा पार्टी के काफी अनुशासित और समर्पित नेता माने जाते हैं युवाओं पर अच्छी पकड़ है अंत और आसपास के विधानसभा क्षेत्र में भी भूपेंद्र सैनी की युवाओं में अच्छी पकड़ बताई जा रही है इस सीट पर माली समाज के मतदाताओं की संख्या काफी अच्छी है इसलिए भूपेंद्र सैनी की स्थानीय लोकप्रियता और पार्टी के संगठन के प्रति उनके समर्पित भाव की वजह से भाजपा अब इन्हें इस सीट पर अपना उम्मीदवार बनाने जा रही है हालांकि भूपेंद्र सैनी के नाम की अधिकृत घोषणा होना अभी बाकी है राजनीतिक विश्लेषकों का भी कहना है कि अंता विधानसभा सीट को लेकर इस बार काफी रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है क्योंकि एक तरफ जहां कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया हाडोती अंचल के कांग्रेस पार्टी के सबसे लोकप्रिय और वरिष्ठ नेता माने जाते हैं तो दूसरी तरफ नरेश मीणा भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं और अब भूपेंद्र सैनी जिनकी युवाओं पर अच्छी पकड़ है और माली समाज के मतदाताओं की संख्या अच्छी होने की वजह से भूपेंद्र सैनी भी भाजपा के काफी मजबूत उम्मीदवार माने जा रहे हैं ऐसे में अब यह देखने वाली बात होगी कि इन चुनाव में सफलता किसको मिलती है।

## स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स में कोटपूतली के 07 स्काउट मास्टर ने किया प्रशिक्षण प्राप्त




### शिविर प्रभारी शरद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ उत्कृष्ठ प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में शिविर प्रभारी सीओ स्काउट जयपुर शरद कुमार शर्मा के सानिध्य में राज्य प्रशिक्षण केंद्र जगतपुरा जयपुर में 06 से 12 अक्टूबर तक स्काउट मास्टर बेसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय संघ कोटपूतली के विभिन्न राजकीय व निजी विद्यालयों के 07 स्काउट मास्टरों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में सुखराम मेघवाल (रा.उ.मा.वि. चिमनपुरा), संजोग जांगिड़ (रा.उ.प्रा.वि. पानेड़ा), अमित कुमार महरड़ा (रा.बा.उ.मा.वि. बनार), कैलाश कुमार (रा.उ.मा.वि. पूतली), नृसिंह बैरवा (रा.उ.मा.वि. बखराना), ओमप्रकाश चौधरी (एम.जी.जी.एस. विद्यालय फतेहपुरा कला) व रतिराम तंवर (रवि सी. सै. स्कूल दादूका) शामिल रहे। इस सफलता पर स्थानीय संघ के प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवं एसीबीईओ पूरण कसाना, सचिव रामवीर यादव, सहायक जिला कमिश्नर प्रशिक्षण हंसराज यादव, ट्रेनिंग काउंसलर अतुल कुमार आर्य, संदीप कुमार जांगिड़, गगन कुमावत, मुकेश चंद सैनी, रोहित सैनी, राजवीर यादव, सहायक सचिव (प्रशिक्षण) कमलेश कुम्हार, असिस्टेंट लीडर ट्रेनर एवं सहायक सचिव (कार्यालय ) सीताराम गुप्ता सहित अनेक स्काउट पदाधिकारियों ने प्रशिक्षुओं को बधाई व शुभकामनायें दी। प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवं एसीबीईओ पूरण कसाना ने कहा कि स्काउटिंग केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि जीवन का एक अनुशासित मार्ग हैं जो युवाओं में आत्मनिर्भरता, सेवा भावना व नेतृत्व के गुण विकसित करता है। सचिव रामवीर यादव ने कहा कि कोटपूतली के प्रशिक्षकों की यह सफलता ना केवल संघ के लिये गौरव का विषय है बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिये प्रेरणा भी है। उन्होंने बताया कि यह स्थानीय संघ कोटपूतली केंद्र की एक विशेष उपलब्धि है, जो आने वाले समय में स्थानीय स्काउट गतिविधियों को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। शिविर प्रभारी शरद कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग का उद्देश्य युवाओं में देश भक्ति, अनुशासन व सेवा की भावना को विकसित करना है। प्रशिक्षु स्काउट मास्टर इस प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों को विद्यालयों में विद्यार्थियों तक पहुँचाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। शिविर का संचालन असिस्टेंट लीडर ट्रेनर प्यारेलाल महला ने किया। उनके नेतृत्व में प्रशिक्षण की सभी गतिविधियाँ सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुईं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को स्काउटिंग के सिद्धांतों, गीतों, समूह समन्वय और टीम वर्क की महत्ता पर प्रेरक सत्र प्रदान किये। शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को लीडरशिप, समय की पाबंदी, विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने की कला, प्राथमिक उपचार, हाईक भ्रमण, सेवा कार्य और संघ नीति जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान व सेवा संकल्प के साथ हुआ, जिसमें प्रशिक्षुओं ने समाज सेवा व स्काउटिंग के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## बाड़मेर जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान में गुटबाजी चरम सीमा पर





### बाड़मेर जिले में ब्लॉक स्तर पर एक ग्रुप की ओर से कांग्रेस जनों की अलग बैठक तो दूसरी बैठक मेवाराम जैन के समर्थकों की ओर से सर्किट हाउस में बैठक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। राजस्थान कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान के तहत पूरे जिलों में पार्टी के जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर दिल्ली से आए पर्यवेक्षकों की ओर से राय शुमारी की प्रक्रिया जारी है लेकिन बाड़मेर जिला कांग्रेस पार्टी पूर्व विधायक मेवाराम जैन को लेकर अलग-अलग गुट में बट गई है इसलिए यह गुटबाजी पार्टी के संगठन सृजन अभियान के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन गई है इसका नजारा रविवार को भी देखने को मिला जब बाड़मेर जिला कांग्रेस पार्टी की ओर से गुटबाजी के चलते अलग-अलग जगह पर कांग्रेस जनों की ओर से दो बैठकों का आयोजन किया गया दिल्ली से आए पार्टी के पर्यवेक्षक ब्लॉक स्तर पर आयोजित कांग्रेस पार्टी की बैठक में शामिल हुए एक अलग बैठक मेवाराम जैन के समर्थन की ओर से सर्किट हाउस में आयोजित की जा रही है इसलिए मेवाराम जैन के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने को लेकर अब भी बाड़मेर जिला कांग्रेस पार्टी में जोरदार टकराव के हालात बने हुए हैं अब देखने वाली बात यह है कि पार्टी के जिला अध्यक्ष पद पर किस गुट के नेता को जिम्मेदारी दी जाती है उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक मेवाराम जैन की पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी में दोबारा से वापसी हुई थी लेकिन मेवाराम जैन की वापसी को लेकर बाड़मेर जिला कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेता बिलकुल राजी नहीं है मेवाराम जैन को वह किसी भी कीमत पर कांग्रेस पार्टी में देखना नहीं चाहते लेकिन इसके बावजूद भी पार्टी हाई कमान की ओर से जिस तरह से मेवाराम जैन को कांग्रेस पार्टी में शामिल किया गया उसका ही असर है कि बाड़मेर जिला कांग्रेस पार्टी में इस समय गुटबाजी चरम सीमा पर पहुंच गई है मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी बाड़मेर के सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल और कांग्रेस पार्टी के बाड़मेर जिला संगठन से जुड़े कई बड़े नेता मेवाराम जैन को बिल्कुल भी पसंद नहीं कर रहे इन नेताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कई बार कहा है कि चरित्रहीन व्यक्ति की ना परिवार में जगह होती है ना समाज में और ना ही पार्टी में इसलिए चरित्रहीन व्यक्ति के साथ कभी भी मंच शेयर नहीं किया जा सकता जानकार लोगों का कहना है कि हरीश चौधरी कांग्रेस पार्टी के काफी वरिष्ठ नेता है बाड़मेर ही नहीं बल्कि पश्चिमी राजस्थान के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं में उनकी गिनती होती है गांधी परिवार के भी काफी नजदीक हैं लेकिन इस मामले में कहीं ना कहीं राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने भी हरीश चौधरी की सलाह को ज्यादा तवज्जो नहीं दी क्योंकि हरीश चौधरी लगातार मेवाराम जैन की कांग्रेस पार्टी में वापसी का विरोध कर रहे थे लेकिन इसके बावजूद भी मेवाराम जैन को कांग्रेस पार्टी में शामिल किया गया अब देखने वाली बात यह है कि जो हालात बाड़मेर जिला कांग्रेस पार्टी में मेवाराम जैन को लेकर बने हुए हैं उसमें पार्टी के जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर पार्टी के पर्यवेक्षक किस-किस नेता का नाम पैनल में अंकित करके दिल्ली भेजते हैं और किसी नेता को इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया जाता है ।

# अमित शाह के स्वागत के लिए तैयार भजनलाल सरकार

### आज राजधानी जयपुर में गृहमंत्री अमित शाह के कई कार्यक्रम, जयपुर प्रदर्शनी एवं कन्वेंशन सेंटर में नए कानून पर बनी प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों से भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से करेंगे बातचीत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)**। भाजपा के चाणक्य और गृहमंत्री अमित शाह आज राजधानी जयपुर के दौरे पर आ रहे हैं आज अमित शाह के जयपुर में काफी व्यस्त कार्यक्रम है शाह के दौरे को लेकर प्रदेश के भजन लाल सरकार पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है राजस्थान भाजपा के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े नेता भी अमित शाह के इस दौरे को लेकर काफी उत्सुक हैं राजस्थान पुलिस के सभी बड़े अधिकारी भी



अमित शाह के इस दौरे को लेकर काफी अलर्ट और गंभीर नजर आ रहे हैं क्योंकि अमित शाह नए कानून को लेकर राजस्थान पुलिस के अधिकारियों के अलावा जिला कलेक्टरों से भी विस्तार से आज बातचीत करेंगे और नए कानून को लेकर पब्लिक में क्या मैसेज है नए कानून कैसे और किस तरह से पब्लिक को प्रभावित कर रहे हैं और नए कानून से पब्लिक को कितना फायदा हो रहा है नएकानून को लेकर पब्लिक में क्या प्रतिक्रियाएं हैं इन सब बातों का आज पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से अमित शाह पूरा फीडबैक लेंगे इसके अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से भी पिछले 22 महीना के सरकार के कामकाज का मोटा ब्यूरो अमित शाह को बताया जा सकता है हालांकि अमित शाह का यह कार्यक्रम पूरी तरह से सरकारी है लेकिन भाजपा के संगठन से जुड़े नेताओं को ऐसी उम्मीद है कि पार्टी के संगठन से जुड़ी कई बातों को लेकर अमित शाह पार्टी के प्रदेश के नेताओं से बातचीत कर सकते हैं इसमें मदन राठौड़ की नई टीम को अंतिम सहमति दिए जाने की बात भी कहीं जा रही है इसलिए राठौर को भी कहीं ना कहीं उम्मीद है कि उन्होंने जो लिस्ट अपनी कार्यकारिणी की दिल्ली में पार्टी हाई कमान को दी हुई है उस पर अमित शाह जयपुर के इस दौरे के बाद तुरंत अपनी सहमति प्रदान कर दे इसलिए प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े सभी छोटे-बड़े नेता अमित शाह के इस जयपुर दौरे को लेकर काफी रोमांचित नजर आ रहे हैं । इधर केंद्रीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के जयपुर दौरे के मध्य नजर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सीतापुरा स्थित जयपुर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर का दौरा किया और वहां की तैयारी और व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया मुख्यमंत्री ने सुरक्षा मंच एवं तकनीकी सेटअप बैठने की व्यवस्था पार्किंग और अतिथि प्रोटोकॉल की बारीकी से समीक्षा की उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी व्यवस्थाएं संपूर्ण समन्वय और संबंध निर्देश दिए की सभी व्यवस्थाएं संपूर्ण समन्वय और सुयोजित तरीके से समय के अनुसार पुरी की जाए । आज से होने वाले कार्यक्रम में अमित शाह नव विधान न्याय की नई पहचान आपराधिक कानून पर प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे जिसमें प्रदेश भर से अधिकारी और कानून विद शामिल होंगे मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि यह कार्यक्रम जनता के लिए कानून और न्याय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाने का अवसर है इसलिए सभी व्यवस्थाओं में कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए प्रदेश के मुख्य सचिव ने बताया कि नए कानून को लागू हुए एक साल पूरा हो चुका है और इसी उपलक्ष्य में जयपुर में 6 दिवसीय विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें युवाओं के लिए अनेक तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा ताकि उनकी दिलचस्पी नए कानून में ज्यादा हो केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज सुबह 11-55 पर जयपुर प्रदर्शनी एवं कन्वेंशन सेंटर में पहुंचेंगे पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि आमजन प्रदर्शनी में 14 तारीख से 18 तारीख तक शिरकत कर सकेगा इस दौरान कई तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें क्विज कंपटीशन सहित अन्य गतिविधियां शामिल है पुलिस महानिदेशक ने बताया कि सुरक्षा के भी पूरे बंदोबस्त किए गए हैं और आयोजन स्थल के छपे पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है अंग्रेजों के समय से चले आ रहे कानून को समाप्त कर नए कानून भारत में लागू किए गए जिसे लागू किया करीब 1 साल पूरा हो गया है इसलिए इन कानून के प्रति लोगों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए यह विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है ताकि लोग नए कानून को पहचान सके उन्हें जान सके इसके लिए प्रदर्शनी स्थल पर अलग-अलग स्टॉल भी लगाई गई है जिनमें पब्लिक को कई तरह की जानकारियां नए कानून के बारे में दी जाएगी ।

संपादकीय जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
13 अक्टूबर, 2025

# पर्यावरण के लिए चुनौती न बने एआई

*इसके लिए तकनीकी, इन्फ्रास्ट्रक्चर और नियामक आदि विभिन्न रणनीतियां खोजी जा रही हैं, ताकि जेनरेटिव एआई प्रणालियों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम किया जा सके। इस कड़ी में सबसे प्रमुख है-स्मार्ट और हल्के एआई माडल का निर्माण। डेवलपर्स अब माडल आर्किटेक्चर को अनुकूलित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। माडल प्रूनिंग, क्वांटाइजेशन और नालेज डिस्टिलेशन जैसी तकनीकों को लागू करके एआई माडलों के आकार और जटिलता को उनके प्रदर्शन से समझौता किए बिना कम करना संभव है। इसके अलावा ट्रांसफर लर्निंग यानी पहले से प्रशिक्षित माडलों पर आधारित होकर नए माडल बनाना भी एक अच्छा उपाय है, जो गणनात्मक भार और संबंधित कार्बन उत्सर्जन को काफी हद तक कम करता है। एआई कंप्यूटिंग की रीढ़ डाटा सेंटर को लेकर भी नए सिरे से सोचा जा रहा है। गूगल, माइक्रोसाफ्ट और एमेजोन जैसी कंपनियां कार्बन-न्यूट्रल या नवीकरणीय*



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेष रूप से जेनरेटिव एआई हमारे युग की सबसे परिवर्तनकारी तकनीकों में से एक है। मानव के समान सामग्री बनाने से लेकर दवा खोज को तेज करने और व्यावसायिक बुद्धिमत्ता को बढ़ाने तक जेनरेटिव एआई अभूतपूर्व गति से उद्योगों को नया आकार दे रही है। हालांकि जैसे-जैसे यह तकनीक अधिक शक्तिशाली होती जा रही है, वैसे-वैसे इसका पर्यावरणीय बोझ भी स्पष्ट होता जा रहा है। अब हमारे सामने जो प्रश्न है, वह तात्कालिक और आवश्यक, दोनों है। क्या हम जेनरेटिव एआई को अधिक टिकाऊ बना सकते हैं? बड़े पैमाने पर एआई माडल जैसे कि ओपनएआई के चैटजीपीटी-4, गूगल के जेमिनी या मेटा के लामा को प्रशिक्षित करने के लिए विशाल मात्रा में कंप्यूटिंग शक्ति की आवश्यकता होती है। यह प्रक्रिया उतनी ही ऊर्जा खपत करती है, जितनी सैकड़ों घरों को लंबे समय तक चलाने में होती है। वर्ष 2019 में यूनिवर्सिटी आफ मैसाचुसेट्स, एमहर्स्ट के एक अध्ययन से पता चला कि केवल एक डीप लर्निंग माडल को प्रशिक्षित करने से उतना ही कार्बन उत्सर्जित हो सकता है, जितना पांच कारों के पूरे जीवनकाल चलाने में होता है। जैसे-जैसे एआई का दैनिक उपयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे ऊर्जा खपत बढ़ रही है। यदि इस पर ध्यान न दिया गया तो इस कार्बन उत्सर्जन के और भी तेजी से बढ़ने की आशंका है। सवाल है कि हम एआई को ग्रीन कैसे बना सकते हैं? एक अच्छी बात यह है कि एआई के बारे में सोचने-समझने वाला समुदाय इन चिंताओं से अनभिज्ञ नहीं है। इसके लिए तकनीकी, इन्फ्रास्ट्रक्चर और नियामक आदि विभिन्न रणनीतियां खोजी जा रही हैं, ताकि जेनरेटिव एआई प्रणालियों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम किया जा सके। इस कड़ी में सबसे प्रमुख है-स्मार्ट और हल्के एआई माडल का निर्माण। डेवलपर्स अब माडल आर्किटेक्चर को अनुकूलित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। माडल प्रूनिंग, क्वांटाइजेशन और नालेज डिस्टिलेशन जैसी तकनीकों को लागू करके एआई माडलों के आकार और जटिलता को उनके प्रदर्शन से समझौता किए बिना कम करना संभव है। इसके अलावा ट्रांसफर लर्निंग यानी पहले से प्रशिक्षित माडलों पर आधारित होकर नए माडल बनाना भी एक अच्छा उपाय है, जो गणनात्मक भार और संबंधित कार्बन उत्सर्जन को काफी हद तक कम करता है। एआई कंप्यूटिंग की रीढ़ डाटा सेंटर को लेकर भी नए सिरे से सोचा जा रहा है। गूगल, माइक्रोसाफ्ट और एमेजोन जैसी कंपनियां कार्बन-न्यूट्रल या नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित सुविधाओं में बड़े पैमाने पर निवेश कर रही हैं। इसके अलावा तरल शीतलन, स्मार्ट पावर आवंटन और डायनामिक लोड बैलेंसिंग जैसी नवाचार तकनीकों का उपयोग ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और अपशिष्ट को कम करने के लिए किया जा रहा है। जेनरेटिव एआई प्रणालियों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने का एक अन्य उपाय ऊर्जा-दक्षता वाले हार्डवेयर और एज कंप्यूटिंग का निर्माण भी है। विशेषीकृत चिप्स जैसे कि टीपीयूज (टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट्स) और एनविडिया के ग्रीन जीपीयूज को एआई वर्कलोड को अधिक कुशलता से संसाधित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो कम ऊर्जा खपत करते हुए उच्च प्रदर्शन की क्षमता बनाए रखते हैं। इसके अतिरिक्त यदि एआई माडल पूरी तरह क्लाउड पर निर्भर रहने के बजाय स्मार्टफोन या आईओटी सेंसर जैसे एज डिवाइसेज पर संचालित किए जाएं, तो इससे ऊर्जा की खपत और विलंबता में उल्लेखनीय कमी आ सकती है, जो एआई को अधिक सुलभ, कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बनाता है। इसके साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन कम करने में नियमन और जिम्मेदार शासन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अर्थात तकनीकी सुधारों जितने ही महत्वपूर्ण नीतियां और शासन ढांचे भी हैं। विनियमों, कार्बन आफसेट प्रोत्साहनों और पर्यावरणीय आडिट मानकों के माध्यम से एआई की स्थिरता को प्रोत्साहित करना वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के अनुरूप एआई विकास को बनाए रखने में महत्वपूर्ण होगा। एआई नैतिकता बोर्ड और स्थिरता रेटिंग तंत्र का निर्माण भी जिम्मेदार नवाचार को दिशा दे सकता वास्तव में प्रगति और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच संतुलन बेहद आवश्यक है। जेनरेटिव एआई नवाचार में प्रेरक शक्ति बनी रहेगी, लेकिन इसका भविष्य टिकाऊ होना चाहिए। व्यवसायों और डेवलपर्स के लिए यह आवश्यक होता जा रहा है कि वे प्रदर्शन और बढ़ती जरूरतों को संभालने के लिए विस्तारण क्षमता जितनी ही प्राथमिकता ऊर्जा दक्षता और जलवायु प्रभाव को भी दें। स्थिरता अब एक गौण विचार नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह एआई विकास का मूल सिद्धांत होना चाहिए। यदि रणनीतिक रूप से अपनाया जाए तो ग्रीन एआई कोई बाधा नहीं, बल्कि नवाचार, दक्षता और स्थिरता के लिए एक सुनहरा अवसर बन सकती है। ऐसा अवसर, जो शक्तिशाली, जिम्मेदार और समावेशी तकनीकों को बनाने का है, जो मानव प्रगति और पर्यावरणीय स्वास्थ्य दोनों की सेवा करे। आगे का मार्ग तकनीकी विशेषज्ञों, उद्यमों और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग की मांग करेगा

सम्पादकीय

## दुनिया को मिला शांति का संदेश




वेनेजुएला में विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का एलान न केवल शांति के पक्ष में उनके दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, बल्कि महिला सशक्तीकरण की दृष्टि से भी इसे एक मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है। शांति का अर्थ व्यापक है, इसमें संघर्ष और हिंसा से दूर रहना, समाज में सद्भाव एवं समानता, मानवाधिकारों की रक्षा, समृद्धि और न्याय जैसे तत्त्व भी शामिल होते हैं। मचाडो को अपने देश में लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और विपक्ष को एकजुट कर संपूर्ण व्यवस्था में सुधार लाने के वास्ते शांतिपूर्ण प्रयासों के लिए यह पुरस्कार मिला है। उन्हें एक ऐसी शख्सियत के तौर पर देखा जा रहा है, जिन्होंने तमाम मुश्किलों और बाधाओं को अपने साहस एवं जज्बे से मात देकर शांति की राह पर आगे बढ़ने की सीख दी है। उन्हें एक ऐसी महिला के रूप में भी मान्यता मिली है, जो व्यवस्थागत अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए रखने में सक्षम हैं। इससे पहले उन्हें यूरोपीय संघ के सर्वोच्च मानवाधिकार पुरस्कार 'सखारोव' से भी सम्मानित किया जा चुका है। मारिया मचाडो वेनेजुएला में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार थीं, लेकिन चुनाव प्रक्रिया के दौरान उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इससे पहले उन्होंने गहन तौर पर विभाजित रहे विपक्ष को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने एक ऐसा विपक्ष खड़ा किया, जिसने स्वतंत्र चुनाव और प्रतिनिधि सरकार की मांग को समान रूप से उठाया। बाद में उन पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए गए। उनकी जान को गंभीर खतरा था, इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और वे शांतिपूर्ण तरीके से लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहीं। यह सच है कि किसी भी पुरस्कार का असली हकदार वही होता है, जिनके अभूतपूर्व कार्यों और उनके प्रभाव की तस्वीर धरातल पर साफ नजर आती हो। सिर्फ दावों का डंका बजाकर किसी समाज, राष्ट्र या दुनिया में धारणा का एक अस्थिर ढांचा खड़ा करने की कोशिश करने वालों की सच्चाई छिप नहीं पाती है। मचाडो को मिला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार वास्तव में महिलाओं को हर परिस्थिति में संघर्ष करते रहने की प्रेरणा भी देता है।

## संपूर्ण स्वास्थ्य की कुंजी आयुर्वेद



अथर्ववेद में वर्णित आयुर्वेद वह विज्ञान है, जो आयु अर्थात जीवन का ज्ञान देता है। हर वह व्यक्ति जो स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना करता है, उसे आयुर्वेद को जानना एवं अपनाना चाहिए, क्योंकि आयुर्वेद न केवल मनुष्य को निरोग रखने पर बल देता है, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का संदेश देता है। आयुर्वेद इसलिए विशिष्ट है, क्योंकि यह शरीर की व्याधियां दूर करने के साथ मन के दोषों का भी निदान करता है। इसीलिए योग और ध्यान भी आयुर्वेद के अंग हैं। मान्यता है कि आयुर्वेद को स्वयं ब्रह्मा जी से भगवान धन्वंतरी और उनके उपरांत विभिन्न ऋषियों एवं महर्षियों जैसे सुश्रुत, चरक आदि द्वारा जनकल्याण हेतु प्रतिपादित किया गया। इसके उद्देश्य को यह श्लोक प्रकट करता है- अर्थात स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा रोगी के रोग का प्रशमन करना ही आयुर्वेद का प्रयोजन है। संपूर्ण ब्रह्मांड पंचमहाभूत अर्थात आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी से बना है। इसी सिद्धांत पर आयुर्वेद आधारित है। आयुर्वेद की मान्यता है कि बह्मांड हो या सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव, सभी का मूल एक ही है। यही पंचमहाभूत शरीर में दोष, धातु एवं मल के रूप में विद्यमान रहते हैं। आयुर्वेद के अनुसार शरीर में तीन दोष वात, पित्त, कफ माने गए हैं। इन दोषों की समवस्था ही मनुष्य में स्वास्थ्य को परिभाषित करती है। जहां अधिकांश चिकित्सा पद्धतियां विशेषकर पश्चिमी चिकित्सा पद्धतियां मात्र मनुष्य के भौतिक शरीर के रोगों को ठीक करने पर केंद्रित हैं, वहीं आयुर्वेद जीवन के सभी क्षेत्रों में मनुष्य के सर्वांगीण विकास में सहायक है। इसीलिए उसे संपूर्ण चिकित्सा पद्धति कहा गया है। दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग, आहार आदि मूलभूत जीवनशैली द्वारा एवं प्रकृति से प्राप्त हानिरहित फल-फूल, जड़ी-बूटी, खनिजों इत्यादि द्वारा चिकित्सा का प्रविधान आयुर्वेद में ही मिलता है। आयुर्वेद हमें सिखाता है कि कैसे जीवन में अप्राप्त की प्राप्ति की जाए, प्राप्त का रक्षण किया जाए, रक्षित की वृद्धि की जाए एवं जो वर्जित है, उसका त्याग किया जाए। यही स्वस्थ एवं सुखी जीवन का मूलमंत्र है। भारतवर्ष में प्रारंभ से ही आयुर्वेद हमारी संस्कृति और जीवनशैली का अभिन्न अंग रहा, पर कालांतर में आक्रांताओं द्वारा भारतीय संस्कृति को नष्ट करने की प्रवृत्ति एवं दासता की मानसिकता के चलते आयुर्वेद का क्षरण हुआ। इसके उपरांत अंग्रेजी सत्ता में आयुर्वेद को समाप्त करने का प्रयास किया गया और आयुर्वेद को निष्प्रभावी बताकर पश्चिमी चिकित्सा को ही महत्व दिया गया। आयुर्वेद को श्रीहीन करने के लिए आयुर्वेद चिकित्सकों, वैद्यों को झोलाछाप अर्थात नकली डाक्टर कहा गया। कोविड महामारी के समय आयुर्वेदिक औषधियां कोरोना वायरस के प्रभाव को समाप्त करने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुईं। इस कारण आयुर्वेद के प्रति पुनः विश्वास एवं रुचि जाग्रत हुई। वर्तमान में भारत सरकार एवं उसकी संस्थाओं द्वारा आयुर्वेद को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं शुरू करने के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा की सुविधाएं बढ़ाने के जो प्रयत्न किए जा रहे हैं उनसे भी आयुर्वेद का प्रभाव और उसके प्रति भरोसा बढ़ रहा है। आयुर्वेद प्रकृति पर आधारित विज्ञान है। इस कारण प्रकृति का संरक्षण ही आयुर्वेद का संरक्षण है। यह हम सबकी चिंता का विषय बनना चाहिए कि आयुर्वेदिक औषधियों में उपयोग होने वाली वनस्पतियां, खनिज आदि दुर्लभ होते जा रहे हैं या फिर उनकी उपलब्धता कम हो रही है। इन्हें संरक्षित करना आयुर्वेद के लिए एक बड़ी चुनौती है। वन संरक्षकों एवं किसानों को औषधि के रूप में प्रयोग होने वाली वनस्पतियों, पौधों, वृक्षों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इसका लाभ केवल आयुर्वेद को ही नहीं, ग्रामीणों और विशेष रूप से किसानों को भी होगा। आयुर्वेदिक औषधियों की गुणवत्ता स्थापित करने के लिए मानक नियमों का पालन भी समय की मांग है। आयुर्वेद की विश्वसनीयता में वृद्धि के लिए यह भी अनिवार्य है कि आयुर्वेदिक औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक शोध को प्राथमिकता दी जाए। यह कार्य आयुर्वेद से जुड़े संस्थानों को विशेष रूप से करना होगा। यह प्राथमिकता के आधार पर किया भी जाना चाहिए, क्योंकि मानव को संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करने वाला विज्ञान यही है। भारत सरकार को इस पर भी ध्यान देना होगा कि आयुर्वेद की महत्ता विश्व स्तर पर कैसे स्थापित हो। आयुर्वेद के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए युवाओं में इसके प्रति जागरूकता उत्पन्न करने की भी आवश्यकता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति विज्ञानसम्मत पद्धति है। अभी अपने देश में जनसंख्या के सापेक्ष पर्याप्त संख्या में आयुर्वेद चिकित्सक नहीं हैं।

## पढ़े-लिखे लोग

**कहीं किसी लाइन में खड़े होकर अपना काम कराना या अपनी बारी का इंतजार करना अपनी बेइज्जती समझते हैं। ऐसे लोग हर जगह खुद को विशेष तवज्जो दिए जाने की ख्वाहिश रखते हैं। इनकी दुनिया मैं, मैं और सिर्फ मैं तक सीमित रह जाती है। खुद से आगे ये कुछ नहीं सोच पाते। ऐसे दृश्य आम हैं जिनमें बड़ी-बड़ी और लक्जरी गाड़ियों में बैठे सूट-बूट पहने लोग खिड़की का शीशा नीचे करके कचरा फेंकते हुए जरा भी नहीं झिझकते। अगर कोई इस पर सवाल उठाए तो उल्टे उस पर धौंस भी जमाने लगते हैं।**



पढ़े-लिखे लोग, और उनमें भी वे अगर उच्च शिक्षा प्राप्त हों तो उन्हें और भी ज्यादा गर्व होता है अपने शिक्षित होने पर। जाहिर-सी बात है कि अपने पढ़े-लिखे होने पर खुश होना भी चाहिए, क्योंकि यह सब हासिल करना कोई आसान काम नहीं है। इसके पीछे दिन-रात की मेहनत, लगन और कठिन परिश्रम का हाथ होता है। जिस समय को काम की पढ़ाई नहीं कर पाने वाले लोगों ने किन्हीं वजहों से खेलकूद या फिर मौज-मस्ती में गुजारा होगा, वह समय अच्छी पढ़ाई करने वालों ने किताबों में माथापच्ची करते हुए गुजारा होगा। हालांकि यह हो सकता है कि उनके भीतर भी कहीं न कहीं मलाल रहता होगा मौजमस्ती नहीं कर पाने का। खैर, पढ़े-लिखे लोग अपने कठिन परिश्रम से वह सब हासिल कर लेते हैं, जिसकी उन्हें चाह होती है। वे ज्ञानीजन कहलाने लगते हैं या इस रूप में जाने जाते हैं। इसलिए समाज भी उन्हें सम्मान की नजरों से देखता है और उनसे उम्मीद करता है कि वे नियमों का पालन करेंगे, उनमें स्वार्थ नहीं होगा, उनकी सोच और आदर्श ऊंचे होंगे और उनका आचरण अनुकरणीय होगा। लेकिन कई बार यह भी देखने में आता है कि पढ़ने-लिखने का चरित्र और सोच पर कोई विशेष फर्क नहीं पड़ता। ऐसा तब महसूस होता है, जब कुछ पढे लिखे लोग नियमों को सिर्फ अपनी स्वार्थ की पूर्ति के लिए मानने से इनकार कर देते हैं। पढ़े-लिखे लोग आमतौर पर कम पढ़े-लिखे और अनपढ़ लोगों को हेय दृष्टि से देखते हैं, गंवार और अनपढ़ कह कर उनका मखौल भी उड़ाते हैं। कहीं किसी लाइन में खड़े होकर अपना काम कराना या अपनी बारी का इंतजार करना अपनी बेइज्जती समझते हैं। ऐसे लोग हर जगह खुद को विशेष तवज्जो दिए जाने की ख्वाहिश रखते हैं। इनकी दुनिया मैं, मैं और सिर्फ मैं तक सीमित रह जाती है। खुद से आगे ये कुछ नहीं सोच पाते। ऐसे दृश्य आम हैं जिनमें बड़ी-बड़ी और लक्जरी गाड़ियों में बैठे सूट-बूट पहने लोग खिड़की का शीशा नीचे करके कचरा फेंकते हुए जरा भी नहीं झिझकते। अगर कोई इस पर सवाल उठाए तो उल्टे उस पर धौंस भी जमाने लगते हैं। खुद को सबसे ज्यादा पढ़ा-लिखा मानने वाले कुछ लोग कम पढ़े-लिखे या अनपढ़ लोगों से खुद को श्रेष्ठ मानते हैं और उन्हें अपने पास तक नहीं फटकने देते, लेकिन खास नस्ल के कुत्ते पालना उनका शौक होता है और इसके लिए भी वे खुद को बाकी के मुकाबले श्रेष्ठ वर्ग के प्रतिनिधि के रूप में पेश करते हैं। दूसरी ओर, सुबह-शाम उन कुत्तों को लेकर बाहर निकलते हैं तो पार्क या शहर की गलियों को गंदा कराते हुए नहीं हिचकते हैं। इनमें से कुछ लोग अपने घर के सामने पार्किंग की जगह को पार्क या फूल लगाए जाने की जगह में तब्दील कर देते हैं और फिर अपनी कई गाड़ियों को दूसरे लोगों के पार्किंग क्षेत्र में खड़ी कर आते हैं। अगर कोई विरोध करे तो वे उन पर गुर्राते हैं। इन पर कोई फर्क नहीं पड़ता है जब इनका स्वार्थपूर्ण व्यवहार दूसरों के लिए तकलीफ का सबब बन जाता है। नियमों का हवाला देने पर ये उसकी धज्जियां उड़ा कर मानने से इनकार कर देते हैं। सड़क पर कहीं कोई दुर्घटना हो जाए तो कई बार ऐसे लोग अनदेखा करके गुजर जाते हैं, जबकि वहां से गुजर रहे कुछ वैसे लोग सब कुछ भूल कर मदद के लिए दौड़ पड़ते हैं, जिन्हें कम पढ़ा या अनपढ़ माना जाता है। पीड़ितों की सहायता करने से पहले वे एक पल के लिए नहीं सोचते कि वे किसी झमेले फंस सकते हैं। ऐसा इसलिए कि उनके भीतर मानवता होती है। अक्सर मन में ये सवाल भी उठते हैं कि क्या उच्च शिक्षा और किसी जाति विशेष में जन्म लेना ही कुलीनता और सभ्य होने का पैमाना है? मैं ऐसा नहीं मानती। अगर किसी की शिक्षा उसे स्वार्थी होने से नहीं बचाती और नियम-कायदों का पालन करना नहीं सिखाती, उसके भीतर मानवीय गुणों का विकास नहीं करती है तो उस शिक्षित से भले वे अनपढ़ कहे जाने वाले लोग हैं जो स्वार्थहीन होते हैं, जिनकी सोच संकीर्ण नहीं होती है, उनके भीतर अहंकार नहीं होता। अगर किसी व्यक्ति की जाति उसकी सोच के दायरे को छोटा कर देती है तो वह व्यक्ति कमतर माना जाना चाहिए। पढ़े-लिखे होने का एक सबूत यह होना चाहिए कि हमारी बोलचाल की भाषा शालीन और सभ्य हो। मगर कई बार पढ़े-लिखे कुछ लोगों की भाषा सुन कर कानों पर हाथ बरबस ही चला जाता है और आंखों में हैरानी के भाव उमड़ आते हैं। इस तरह के पढ़े-लिखे लोगों के बारे में खयाल आता है तो कई बार सोचती हूं कि इन्होंने दुनिया को कुछ दिया होगा

## सहायक कृषि अधिकारी क्षेत्र बिजौली ग्राम पंचायत केंद्र पर नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल का आयोजन किया गया



जयपुर टाइम्स

**बाड़ी(निस.)** रविवार को बाड़ी उपखंड की सहायक कृषि अधिकारी क्षेत्र बिजौली ग्राम पंचायत केंद्र पर नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल तिलहन के अंतर्गत रवि फसल 2025द्द26 की बुआई के लिए एफपीओ एवं कृषि विभाग के समन्वयं से सरसों बीज राधिका किस्म का वितरण किया गया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसान लवांवित हुए सहायक कृषि अधिकारी भूरी सिंह गुर्जर ने बताया कि एक हेक्टर जमीन वाले किसानों को लिए 4 किलो बीज दिया गया और आधा हेक्टर 0.5 बीघा जमीन वाले किसानों को 2द्वद्द बीज उपलब्ध पंचायत केंद्र पर वितरण किया गया जिसमें 8 ग्राम पंचायत के किसान लाभान्वित होंगे, बीज वितरण में सहायक कृषि अधिकारी भूरी सिंह गुर्जर, कृषि पर्यवेक्षक संतकुमार मीणा, कुलदीप जोशी, और आशिक जोशी के सानिध्य में वितरण किया गया।

## महाकालेश्वर के मंदिर पर आयोजित महापंचायत को सफल बनाने की अपील



जयपुर टाइम्स

**सरमथुरा(निस.)** आज सरमथुरा गांव बचाओ आंदोलन की प्रस्तावित महापंचायत की तैयारी में गांव बचाओ आंदोलन के संयोजक मोहन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में क्षेत्र के पंच पटेलों ने एक दर्जन गाँवों में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से जनसंपर्क कर महाकालेश्वर के मंदिर पर आयोजित महापंचायत को सफल बनाने की अपील की ।नुक्कड़ सभाओं में वक्ताओं ने एक स्वर में लोगो का आह्वान किया कि सरकार जंगली जानवरों को बसाने के चक्कर में सेकड़ो गाँवों को तबाह कर रही है इस फ़ैसले को स्वीकार नहीं करेंगे ।इस आंदोलन को पूरी मजबूती के साथ जनता का आंदोलन बनाने का प्रयास किया जाएगा अत सभी सामाजिक एवम राजनैतिक कार्यकर्ताओं से आग्रह है वो जातिगत व दलगत भेदभाव मिटाकर संगठित होकर संघर्ष करें ताकि हमारे गाँवो को बचाया जा सके,सेकड़ो सालों से एक एक ईट जोड़कर लोगो ने अपने घर और आशियाने बनाये हैं उनके पट्टे जारी कर के उन्हें मालिकाना हक दिया जाए।पंचायत में चन्द्रावली सरपंच वचन सिंह मीणा, बॉक्सर शेरा गुर्जर,गुटिया ठेकेदार डोमाई,मोहन लाल मीना पूर्व सरपंच चन्द्रावली,हरिराम शीतलपुरा,रामबाबू शीतलपुरा,आदि पंच पटेलों ने अपने विचार व्यक्त किए और कोनेशा, बिलोनी, चन्द्रावली, खरोली, चन्दपुरा, बथुआखो, कंचनपुरा, कोटे, छिंगापुरा, बड़ागांव,बसंतपुरा आदि दर्जनों गाँवों में संचालन बॉक्सर शेरा गुर्जर ने किया

## चूरू जिला कांग्रेस कमेटी (विधि प्रकोष्ठ) के जिला उपाध्यक्ष बने एडवोकेट दिलीप सैनी एवं एडवोकेट कमल पंवार





जयपुर टाइम्स

**चूरू (निस.)**राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (विधि मानवाधिकार एवं आरटीआई) प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट कुलदीप सिंह पूनिया के निर्देशानुसार चूरू जिला कांग्रेस कमेटी (विधि मानवाधिकार एवं आरटीआई प्रकोष्ठ) के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने चूरू के एडवोकेट दिलीप सैनी एवं एडवोकेट कमल पंवार को चूरू जिला कांग्रेस कमेटी (विधि मानवाधिकार एवं आरटीआई प्रकोष्ठ) का जिला उपाध्यक्ष पद पर उत्तरदायित्व प्रदान किया गया है। एडवोकेट दिलीप सैनी एवं एडवोकेट कमल पंवार की नियुक्ति पर चूरू कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर एडवोकेट दिलीप सैनी एवं एडवोकेट कमल पंवार ने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं रीति नीति का प्रचार प्रसार कर संगठन को और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनाने में अपना योगदान प्रदान करेंगे।

## अ. भा. तेली महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे समाजजन

**बिजौलियाँ(निस.)**। अखिल भारतीय तेली महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में आए तेली साहू समाज के लोगों समेत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धर्मपत्नी यशोदा बेन और भाई सुशील मोदी भी मौजूद रहे।इस अवसर पर मंदाकिनी महादेव से कलश यात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल बोहरा जी की बगीची पहुंची। जहां लोगों ने कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक यशवंत गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल राठौर, रवि करण साहू पूर्व मंत्री तेल गाणी बोर्ड मध्य प्रदेश सरकार,निर्मल रोमिला सिंह पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, सत्यनारायण मंगरोला राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय महासचिव राम लक्ष्मण तेली, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री लादू लाल तेली, कैलाश तेली, राष्ट्रीय युवा महामंत्री राकेश तेली, प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार चंद्रवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री सत्यनारायण तेली, युवा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश तेली, प्रदेश प्रवक्ता शिवलाल तेली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा,विधायक गोपाल खंडेलवाल, मांडलगढ़ नपा अध्यक्ष संजय डांगी समेत बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष व युवा मौजूद रहे।



# एलआईसी का "जीवन उत्सव प्लान" बना निवेशकों की पहली पसंद, 10' तक गारंटीड रिटर्न के साथ आजीवन सुरक्षा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कास.)**भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने गारंटीड निवेश विकल्प "जीवन उत्सव प्लान" के माध्यम से सुरक्षित निवेश का नया द्वार खोल दिया है। इस योजना को लेकर एलआईसी के विकास अधिकारी बी.एल. मंडीवाल ने बताया कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में जब खर्च बढ़ रहे हैं, तब "इस दिवाली कुछ नया करते हैं, खर्च करने के बजाय गारंटीड निवेश करते हैं" का संदेश नागरिकों को वित्तीय अनुशासन और दीर्घकालिक सुरक्षा की ओर प्रेरित कर रहा है। उन्होंने बताया कि बीमा उत्पादों पर जीएसटी शून्य होने से प्रीमियम दरें पहले की तुलना में कम हुई हैं, जिससे बीमा अब निवेश का बेहतरीन विकल्प बन गया है। जीवन उत्सव पॉलिसी एक गारंटीड रिटर्न योजना है, जिसमें बीमाधन का 10' आजीवन रिटर्न सुनिश्चित है। इस योजना में एक माह के बच्चे से लेकर 65 वर्ष तक के नागरिक निवेश कर सकते हैं, जिसमें प्रीमियम भुगतान अवधि 5 से 16 वर्ष और न्यूनतम निवेश राशि 5 लाख रखी गई है। विकल्प 1 30 वर्षीय पिता यदि ?25 लाख का जीवन उत्सव प्लान लेते हैं, तो 10 वर्ष तक 2.79 लाख वार्षिक (?24,000 मासिक) प्रीमियम देकर अपने बच्चे की उच्च शिक्षा, विवाह और स्वयं के रिटायरमेंट की संपूर्ण व्यवस्था कर सकते हैं। 60 वर्ष की आयु से उन्हें आजीवन 3 लाख प्रतिवर्ष पेंशन मिलेगी, साथ ही परिवार को 70-80 लाख की सुरक्षा राशि सुनिश्चित होगी। विकल्प 2.25 वर्षीय युवा यदि 50 लाख का प्लान लेकर 12 वर्ष तक 4.32 लाख वार्षिक (37,000 मासिक) प्रीमियम देता है, तो वह 50 वर्ष की आयु में रिटायर होकर आजीवन 10 लाख प्रतिवर्ष पेंशन और 80 वर्ष की आयु में 1 करोड़ की गारंटी प्राप्त कर सकता है।

**एलआईसी की इस योजना की तीन लिखित गारंटियाँ हैं**

1. बीमाधन का 10' आजीवन गारंटीड रिटर्न।
2. फ्लेक्सी ऑप्शन में 5.5' गारंटीड चक्रवृद्धि ब्याज।
3. एलआईसी अधिनियम, 1956 की धारा 37 के तहत भारत सरकार की संप्रभु (Sovereign) गारंटी।

विकास अधिकारी बी.एल. मंडीवाल ने बताया कि एलआईसी "2047 तक सभी के लिए बीमा" मिशन के तहत अभिकर्ताओं और बीमा सखियों को विशेष प्रशिक्षण दे रही है और "बीमा चौपाल" जैसे जागरूकता अभियान चला रही है, ताकि हर परिवार आर्थिक रूप से सुरक्षित हो और भारत के विकास में निवेश के माध्यम से अपनी भागीदारी निभा सके।

## 17 एवं 19 वर्षीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन

### विजेता छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन समारोह जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक धौलपुर सुक्खो देवी रावत के निर्देशन एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा की अध्यक्षता में में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में हुआ । कार्यक्रम आयोजक एवं प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा ने बताया कि समापन समारोह में डिप्टी फिजिकल बृजेंद्र सिंह एवं चौब सिंह कुशवाह एवं भामाशाह ऋषि गालव स्कूल के व्यवस्थापक डॉ पंकज त्यागी रहे। लंबी कूद,ट्रिपल जंप, दौड़,तस्तरी फेंक,गोला फेंक एवं अन्य खेलों के विजेता छात्र छात्राओं का मेडला पहनाकर सम्मान किया। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर की छात्राओं ने उत्साहपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों दी। सीबीईओ महेश कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी । आयोजक विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा एवं स्टाफ ने अतिथियों का माला, साफा पहनाकर एवं मोमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया एवं आभार व्यक्त किया। भामाशाह के रूप में ऋषि गालव सीनियर सेकेंडरी स्कूल धौलपुर के व्यवस्थापक डॉ पंकज त्यागी का सम्मान किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य मंजू जादौन,भगवान सिंह मीना,शालिनी श्रीवास्तव,सतीश कुमार मीणा,व्याख्याता प्रियंका जिंदल,वरिष्ठ अध्यापक मनोज कुमार झा,शैलेंद्र दीक्षित,नृपेंद्र यादव,मोहित बघेला,बृजेंद्र किरार,अनिल कुमार मीणा,आशु शर्मा,गरिमा गर्ग,ममता दीक्षित,रेखा शर्मा,राकेश परमार,अशोक मीणा,परमवीर सिंह,मनोज शर्मा,चंद्रभान चौधरी,देवदत्त शर्मा,राकेश कुमार सहित निर्णायक,कोच एवं शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे।प्रतियोगिता का संचालन अनिल मिश्रा ने किया।

## एरिया डोमिनेशन के तहत 8 आरोपी गिरफ्तार



**रींगस।** पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में चालान सुदा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट के मामलों में चालान सुदा आरोपी कमलेश कुमार जाट निवासी ज्ञानपुरा, रवि वर्मा निवासी लांपुवा, महेंद्र कुमार यादव निवासी फूटाला, राहुल बाजिया निवासी बावड़ी, रवि ऐचरा निवासी भवानीपुरा, हिमांशु मीणा निवासी कोटड़ी धायलान, नरेश कुमार जाट निवासी भवानीपुरा सहित वारंटी गणपत राम बलाई निवासी महरोली को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की धरपकड़ करने के लिए गठित टीमों में एएसआई सांवताराम गुर्जर, सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल नागर मल सैनी, रामस्वरूप बराला, कांस्टेबल सोहन लाल, अनिल, दिनेश, सुनीता, पूजा, कर्मचंद, कमलेश की सराहनीय भूमिका रही।

## शुध्द आहार-मिलावट पर वार अभियान, खाद्य सुरक्षा दल की छापामार कार्यवाही

### 250 किलोग्राम दूषित मावा नष्ट करवाया, खाद्य पदार्थों के लिए नमूने



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा टीम लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर खराब और दूषित पदार्थों को नष्ट करने की कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने छापा मार कार्यवाही करते हुए रविवार सुबह 5 बजे राजाखेड़ा के डिगी गांव से आई कार का पीछा कर आरएसी के पास रुकवा कर जांच की जांच की दौरान उसमें लगभग 250 किलोग्राम मावा भरा हुआ पाया गया। मौके पर मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेट्री द्वारा जांच करवाने पाया कि मावा दूषित और बदबूदार था। इसके पश्चात मावे का नमूना लेकर ढाई सौ किलोग्राम मावे को सागर पाड़ा स्थित डंपिंग यार्ड में गड्ढा खुदवा कर नष्ट करवाया गया। साथ ही पालीवाल डेयरी से तीन घी के नमूने लिए गए जिनको जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया जा रहा है खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि नमूनों गया जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिले भर में विभाग द्वारा मुस्तादी के साथ मिलावट खोरों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है। मिलावट के विरुद्ध दीपावली तक लगातार अभियान संचालित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता ही विप्र फाउंडेशन का मूल उद्देश्य- डॉ. हेमंत शर्मा



जयपुर टाइम्स

**गंगापुर सिटी।** विप्र फाउंडेशन जोन-1डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा ने रविवार को हिंडौन व बयाना क्षेत्र में सघन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान बयाना के एक निजी विद्यालय परिसर में आयोजित विप्र फाउंडेशन की बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता चैप्टर अध्यक्ष उदयभान शर्मा ने की। इस अवसर पर समाजजनों ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शर्मा का माल्यार्पण, साफा एवं दुपट्टा ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। "विप्र फाउंडेशन का प्रमुख उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। हमें केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए।" उन्होंने बताया कि समाज के सर्वांगीण विकास हेतु फाउंडेशन निरंतर ठोस पहल कर रहा है। हाल ही में जयपुर में "परशुराम ज्ञानपीठ - सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च" की स्थापना की गई है, जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया। इस ज्ञानपीठ में मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ छात्राओं के लिए सुरक्षित छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने समाजजनों से शिक्षा, संस्कार और संगठन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया ताकि आने वाली पीढ़ियाँ सशक्त, स्वावलंबी और गौरवशाली बन सकें। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेशचंद शर्मा, करौली जिलाध्यक्ष शिवचरण शर्मा, दुर्गेश शर्मा, राजाराम उपाध्याय, योगेश पाराशर, विष्णुदत्त शर्मा, राजेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, प्रेमशंकर शर्मा, गोपालराम शर्मा, अनिल उपाध्याय सहित अनेक ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे। बैठक का समापन समाज की एकता, शिक्षा और संगठन के संकल्प के साथ हुआ।

## 54 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, पिकअप वाहन भी जब्त



**लक्ष्मणगढ(निस.)**। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत लक्ष्मणगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सीकर जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत के निर्देशन में एवं लक्ष्मणगढ़ पुलिस उपाधीक्षक दिलीप कुमार मीणा के निकटतम सुपरविजन में लक्ष्मणगढ़ पुलिस ने उक्त करवाई को अंजाम दिया।लक्ष्मणगढ़ थानाधिकारी महेंद्र सिंह साहु,एएसआई महेश कुमार, कांस्टेबल गणेश कुमार, राजेंद्र कुमार,अजय कुमार,सुरेंद्र कुमार, अशोक कुमार की टीम गठित की गई।गठित की गई टीम द्वारा थानाधिकारी महेंद्र सिंह साहु की अगुवाई में करवाई करते हुए एक युवक को 54 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।11 अक्टूबर की रात फतेहपुर-सालासर रोड पर गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में खड़ी पिकअप गाड़ी (23 लष्ठ 0339) को रोकना चाहा, तो चालक भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे रोका और पूछताछ में उसका नाम प्रदीप सिंह (पुत्र सुगन सिंह, निवासी भोजासर छोटा, उम्र 25 वर्ष) सामने आया।एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई तलाशी में वाहन से 54 ग्राम स्मैक पाउडर, 3800 रुपये नकद, स्मैक बेचने और सेवन में प्रयुक्त सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, एल्युमिनियम फॉयल पेपर, प्लास्टिक पन्नियां, रबर बैंड व अन्य सामग्री बरामद की गई। साथ ही, स्मैक की तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन भी जब्त किया गया।आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच बलारा थानाधिकारी वीरेंद्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस द्वारा आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## वन व पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा सोमवार को कोटपूतली में

### कन्या महाविद्यालय परिसर में सिंदूर स्मारक वाटिका का करेगें उद्घाटन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में सोमवार 13 अक्टुबर को वन व पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सिंदूर स्मारक वाटिका का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस मौके पर मंत्री शर्मा द्वारा महाविधालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया जायेगा। यह स्मारक नारी शक्ति, भारतीय संस्कृति व परम्परा के सम्मान में बनाया गया है। कार्यक्रम आयोजक समाजसेवी रतन लाल शर्मा के प्रयासों से यह स्मारक मूर्त रूप ले सका। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक हंसराज पटेल करेगें। जबकि विषिष्ठ अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेष महामंत्री एड. हीरालाल रावत व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.पी. गुर्जर होगें। यह कार्यक्रम महिलाओं की शिक्षा व सम्मान के प्रति समाज की प्रतिबद्धता का एक मजबूत प्रतीक है। सिंदूर स्मारक ना केवल एक कलात्मक कृति है, बल्कि यह भारतीय विरासत और पहचान को भी दर्शाता है। महाविद्यालय प्रशासन, छात्र-छात्रायें व स्थानीय लोग इस गौरवपूर्ण क्षण का हिस्सा बनने के लिये अत्यंत उत्साहित हैं।

## कोटपूतली में शहरी सेवा शिविर से अधिकारी-कर्मचारी नदारद

### शिविर में आये आमजन को हुई भारी असुविधा,




### राहत योजना पर असर

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में आमजन को विभिन्न विभागों की सेवायें एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहरी सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य जनता को त्वरित राहत और सुविधायें प्रदान करना है। भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंसल ने बताया कि कोटपूतली नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित शहरी सेवा शिविर में वास्तविक स्थिति निराशाजनक रही। मौके पर सार्वजनिक निर्माण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, आयोजन विभाग एवं जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। सूत्रों के अनुसार कुछ विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर में उपस्थित होने के बाद भी समय से पहले दोपहर 02 बजे ही स्थल छोड़कर चले गये। जिससे शिविर में आये आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शिविरों में केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। नाम मात्र के बैनर लगाये गये हैं, जबकि वास्तविक सेवायें उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं। जनता ने उच्च अधिकारियों से मांग की हैं कि ऐसे लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायें। ताकि शहरी सेवा शिविर योजना का मूल उद्देश्य जनता को राहत देने का होता है जो कि सही मायने में पूरा हो सके।

## महिला शक्ति पर व्याख्यान



## का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस.)** विद्या भारती द्वारा आयोजित सप्त शक्ति संगम के अन्तर्गत बसन्त प्रभु आदर्श विद्या मन्दिर कोटपूतली में रविवार को महिला शक्ति पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सप्त शक्ति की बहिनों की परेड सलामी से बहिनों के घोष द्वारा अतिथियों को मुख्य मंच तक पहुँचाया गया। इस मौके पर मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ दीप मंत्र, सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, गीत प्रेरणा नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. मनीषा शर्मा ने कुटुम्ब प्रबोधन, प्रतीक्षा चौधरी ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विषय को रखा। सही उतर देने वाली माता बहनों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मन्जू मीणा ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर व्याख्यान दिया। मुख्य अतिथि सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की वरिष्ठ प्रबन्धक पूनम यादव ने समाज व्यवस्था में महिला की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा कुमावत ने संयुक्त परिवार तथा महिलाओं के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। प्रस्तावना सम्पत कंवर ने रखी तथा संकल्प सन्तोष सैनी ने दिलवाया। संचालन ओजस्वी उद्घोषिका बहन अरिन कुरैशी ने किया। इस अवसर पर सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी राजेश सवाईका की माता माला देवी, लोकेश गुप्ता की माता मीना गुप्ता, नरेश कुमार चनेजा की माता पताली देवी का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 250 माता-बहनां ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दी। इस दौरान बीना सोनी, सम्पत कंवर, सुनीता सैनी, अन्नू कंवर, वन्दना, सुमन देवी, सरला राजपूत, रितु पारीक, ज्योति सैन, मीनू बंसल, लाजवन्ती अग्रवाल, तारा देवी, उषा मितल, कविता शाह समेत अनेक महिलायें मौजूद रही।

## 18 साल के नेशनल एथलीट की हार्ट अटैक से मौत, सुबह हाथ-पैरों में कंपकंपी हुई थी

भरतपुर

**(निस.)**18 साल के नेशनल एथलीट रिंकू सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह सुबह उठा तो हाथ-पैरों में कंपकंपी महसूस हुई और बेचैनी हो रही थी। बेहोशी छाने पर रूममेट उसे अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रिंकू रोजाना 5 किलोमीटर की दौड़ लगाता था। वह 10 दिन पहले ही स्टेट चैम्पियनशिप खेल कर आया था। उसे 100 मीटर रिले

# श्री सार्वजनिक गौशाला के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

### अजय अग्रवाल ने किया नवीन कार्यकारिणी का गठन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री सार्वजनिक गौशाला, स्टेशन रोड, अलवर के हुए चुनाव में नवीन कार्यकारणी को शनिवार को गौशाला भवन में चुनाव अधिकारी गजानंद गुप्ता ने सबसे पहले निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष अजय अग्रवाल ओर कार्यकारी सचिव राकेश शर्मा को शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने अपनी नई कार्यकारणी का गठन करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल, कनिष्ठ सचिव अजय आनंद, दीपू गुप्ता और कैशियर पद पर मनोज गर्ग को चुना। कार्यकारणी सदस्य के रूप में सुरेश जलालपुरिया, सत्यविजय गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, संदीप चौधरी, रवि गर्ग, जितेंद्र, गजानंद गुप्ता, अशोक अरोड़ा, ब्रजमोहन, वीरेंद्र अग्रवाल, राधेलाल , महेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल ओर सुधीर कुमार गुप्ता को शामिल किया गया है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बधाई और शुभकामनाएं देकर आभार व्यक्त किया।

## विधायक आमजन से मिले, भिवाड़ी, टपूकड़ा और तिजारा में की जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालक नाथ योगी ने आमजन के बीच रहते हुए उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनके समाधान का निर्देश दिया। शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिजारा विधायक ने पहले भिवाड़ी फिर टपूकडा और उसके बाद तिजारा स्थित कार्यालय में पंहुचे और आंगतुको से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आमजन व विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सनातन के सबसे बड़े पर्व को देखते हुए विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने जनसुनवाई में पहुंचे लोगों से आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को आगे बढ़ाने की अपील करते हुए स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत और विकसित बनाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से आत्मनिर्भर भारत का जो आह्वान किया उसको पूर्ण करने के लिए घर में मिट्टी के दीप से लेकर हर वो वस्तु हमें त्यौहार में अपनानी चाहिए जो हमारे राष्ट्र में निर्मित हो। हमारे द्वारा किया गया छोटा सा भी स्वदेशी अपनाने का योगदान देश के विकास में बडा सहायक सिद्ध होगा।

### महाराजा भर्तृहरि नाटक का मंचन

## गुरु गोरक्षनाथ और उनके शिष्यों ने अपना रूप बदलकर किया उज्जैन में प्रवेश





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजर्षि अभय समाज के विशाल रंगमंच पर चल रहे नाटक महाराज भर्तृहरि को देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धापूर्वक काफी संख्या में दर्शक आ रहे हैं। गुरु मछेंदर नाथ की आज्ञा अनुसार गुरु गोरक्षनाथ और उनके चुने हुए शिष्य अपना-अपना रूप बदलकर उज्जैन नगरी में प्रवेश करते हैं, जहां उनकी उज्जैन के महाराजा भर्तृहरि से मुलाकात होती है। यह सभी चोरों के वेष में रात्रि में भ्रमण करते हुए लोगों का माल चोरी करते हैं। यहां भर्तृहरि इन्हें चोर वृत्ति से निकाल कर अपने दरबार में यथा योग्य स्थान देकर अपने दरबार में ले आते हैं। इस प्रकार चोर बने गुरु गोरक्षनाथ एवं उनके शिष्य चोर वृत्ति को सदा सदा के लिए छोड़ देते हैं और कहते हैं अब हम कभी चोरी नहीं करेंगे। जब प्रजापिता से हो गई चार आंखें तो फिर चिंता क्या रही व्यवसाय की। मुख्य पात्रों में भर्तृहरि का सशक्त अभिनय ललित मिश्रा, क्रूर सिंह एवं गोरक्षनाथ का अभिनय अंकित शर्मा एवं अन्य चोरों में मनोज कुमार गोयल एवं प्रदीप सेन तथा उनके साथी रहे। संस्था महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया के नाटक लगातार 15 दिन चलता है, जिसकी एडवांस बुकिंग दूर-दूर से लोग फोन के द्वारा करवाते हैं और बड़ी श्रद्धापूर्वक नाटक को देखने के लिए आते हैं। नाटक का निर्देशन संस्था के युवा महानिदेशक मनोज कुमार गोयल कर रहे हैं एवं नाटक का संगीत पक्ष संगीत निर्देशक जितेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में अपना काफी प्रभाव दर्शकों पर छोड़ रहा है।

# गॉडशिप एकेडमी का 11 वां वार्षिकोत्सवः 'प्रकृति की पुकार' थीम पर बच्चों ने दी चेतावनी - संभल जाओ, अब भी समय है!

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** बनीपार्क स्थित गॉडशिप एकेडमी का 11वां वार्षिकोत्सव रविवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में 'प्रकृति की पुकार' थीम पर भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से यह संदेश दिया कि प्रकृति का क्रंदन अब क्रोध का रूप न ले, इंसान समय रहते संभल जाए।



## उद्घाटन व अतिथियों की उपस्थिति

कार्यक्रम की शुरुआत एकेडमी की डायरेक्टर प्रिंसिपल संगीता भवाल ने मुख्य अतिथि एल.एन. सोनी (सेवानिवृत्त आईएएस, कोटा संभागीय आयुक्त), विशिष्ट अतिथि रेखा राठौड़ (जिला जज), डॉ. बी.एल. सोनी, देव नंदन सिंह (चेयरमैन, गॉडशिप फिलांथ्रोपिक एजुकेशन सोसायटी), एडवोकेट राजेश कुमार अड्सेला (प्रेसीडेंट), सी.एम. सिंह (ट्रेज़रर) एवं मनोज अड्सेला (जनरल सेक्रेटरी) के साथ दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर छात्राओं ने गायत्री मंत्र पर आधारित क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम की थीम के अनुरूप बच्चों ने नृत्य, नाट्य एवं समूह प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया कि कैसे मानव द्वारा प्रकृति के दोहन ने आपदाओं को जन्म दिया है – कभी भूकंप, कभी अतिवृष्टि, तो कभी जंगलों में आग। "पहाड़ों को इंजीनियरिंग की प्रयोगशाला मत बनाओ," यह संदेश कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। नन्हे विद्यार्थियों ने मनुष्य के विकास क्रम और प्रकृति के साथ हुए खिलवाड़ को भावनात्मक अंदाज़ में प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा।

### शिक्षा से आगे - संवेदनशीलता का विकास

प्रिंसिपल डायरेक्टर संगीता भवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि गॉडशिप एकेडमी में शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि चरित्र, करुणा और सृजनशीलता के विकास पर केंद्रित है। उन्होंने कहा - "यदि आप अपने बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करना चाहते हैं, तो कृपया उनका ग्रीन टाइम बढ़ाइए। तकनीक जरूरी है, पर संतुलन उससे भी अधिक जरूरी है।"

### प्रकृति संग सामंजस्य का संदेश

कार्यक्रम के अंत में एकेडमी के चेयरमैन स्वराज शहीद भवाल ने शुभकामना संदेश भेजकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य ही सतत जीवन का मार्ग है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें प्रिंसिपल डायरेक्टर संगीता भवाल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। खचाखच भरे ऑडिटोरियम में गूंजती तालियों के बीच कार्यक्रम का हर दृश्य दर्शकों के मन में अमिट छाप छोड़ गया – संदेश एक ही था, "संभल जाओ, अब भी समय है।"

## बालकों की शिक्षा के साथ ही बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए- वन राज्यमंत्री शर्मा

### वन राज्य मंत्री शर्मा ने भामाशाह 'विप्र गौरव सम्मान समारोह कार्यक्रम में की शिरकत



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने रविवार को अलवर जिला ब्राह्मण महासभा द्वारा ब्राह्मण छात्रावास में आयोजित भामाशाह एवं विप्र गौरव स मान समारोह 2025 में शिरकत कर भामाशाह एवं समाज के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 101 लोगों को सम्मानित किया। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने समाज सेवा, शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र में समाज की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि समाज के बौद्धिक और सांस्कृतिक उत्थान में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए भामाशाहों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए भामाशाहों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि बालकों की शिक्षा के साथ ही बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को ऐसे आयोजनों से प्रेरणा लेकर सामाजिक उत्तरदायित्व में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में प्रदेश में प्रारंभ किए गए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विगत वर्ष साढे सात करोड पौधे लगाकर माई भारत पोर्टल पर मय फोटो अपलोड किए गए तथा इस वर्ष 10 करोड पौधे लगाने के लक्ष्य को अर्जित करते हुए प्रदेश में करीब साढ़े ग्यारह करोड पौधे लगाकर हरियालो राजस्थान ऐप पर मय फोटो अपलोड किए गए हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण कर उनका संरक्षण भी करें। इस दौरान उन्होंने छात्रवास में कमरे के निर्माण कार्य की नींव रखी। इस दौरान पं. धर्मवीर शर्मा, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विशंभर दयाल वशिष्ठ, झम्मनलाल शर्मा, एडीपीएस मनोज शर्मा, रजनीश जेमन, पूरणमल व्यास, कैलाश भगवती, गोपी शर्मा सहित प्रबुद्ध नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## ब्रह्मपुरी में नकली सरस और कृष्णा घी का भंडाफोड़, एफआईआर दर्ज - जांच शुरू

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** राज्य सरकार के "शुद्ध आहार - मिलावट पर वार" अभियान के तहत रविवार को जयपुर में बड़ी कार्रवाई की गई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम, डॉ. रवि शेखावत के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने ब्रह्मपुरी शंकर नगर और रामगढ़ मोड़ स्थित अग्रवाल एंड कंपनी के प्रतिष्ठानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान टीम ने सरस और कृष्णा ब्रांड के लेबल लगे नकली घी के कई कार्टन बरामद किए। प्रारंभिक जांच में संदेह होने पर संबंधित कंपनियों से संपर्क किया गया। सरस घी के प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और उत्पाद को नकली बताते हुए ब्रह्मपुरी थाना में एफआईआर के लिए आवेदन दिया। टीम ने FSS एक्ट के तहत नमूने विधिवत रूप से लिए। मौके से 200 एमएल के 40, एक लीटर के 3 और 500 एमएल के 6 कार्टन नकली घी जब्त किए गए। कृष्णा घी के प्रतिनिधि कमल टांक ने भी व्हाट्सएप के माध्यम से उत्पाद को नकली बताया। टीम ने कृष्णा घी का नमूना लिया और शेष स्टॉक को सीज़ कर दिया। यह कार्रवाई शनिवार देर रात करीब 1 बजे तक चली। टीम में विनोद कुमार शर्मा, नरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह, पवन गुप्ता, विशाल मित्तल और नरेश कुमार चेजारा शामिल रहे। सभी नमूने प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि मिलावटखोरी रोकने के लिए विशेष रणनीति पर कार्य हो रहा है। ऐसे व्यापारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

## एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कोटपूतली थाना पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

### अवैध शराब की बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये आबकारी अधिनियम के तहत 02 प्रकरण किये पंजीबद्ध, आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय 05 जनों को शांतिभंग में किया गिरफ्तार



**कोटपूतली(निसं.)** जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश द्वारा 11 व 12 अक्टुबर को असामाजिक तत्वों की धरपकड़ एवं उनकी गिरफ्तारी तथा लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत कार्यवाही करने हेतु थाना स्तर पर एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। जिसके तहत जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने अधिक से अधिक एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये। जिस पर एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में कोटपूतली एसएचओ राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। टीमों ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये चैकिंग के दौरान अभियुक्त कृष्ण कुमार (50) पुत्र शेरसिंह कंजर निवासी कुजोता थाना सरुण्ड हाल महाकाली हाउस सब्जी मण्डी के पास मौ. बाछड़ी कोटपूतली के कब्जे से अवैध देशी शराब जप्त की। इसी प्रकार अभियुक्त विक्रम (40) पुत्र साधुराम कंजर निवासी बखराना थाना पनियाला हाल कंजर बस्ती गोपालपुरा के कब्जे से अवैध देशी शराब जप्त की। दोनों अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध किया गया। वहीं आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय पवन कुमार (21) पुत्र धुणाराम कंजर निवासी गोपालपुरा, हरिसिंह (23) पुत्र भगवान सहाय गुर्जर निवासी रामसिंहपुरा, अमित (24) पुत्र महावीर सैनी निवासी नरबदा की ढ़ाणी नागाजी की गौर मौहल्ला बुचाहेडा, कप्तान सिंह (20) पुत्र मुकेश गुर्जर निवासी सुन्दरपुरा, अशोक (21) पुत्र प्रकाश सिंह गुर्जर निवासी मौहल्ला बूचाहेडा वार्ड नं. 08 कोटपूतली को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद अधिवेशन में जाट सरदारी की मांगें और प्रस्ताव पारित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** राजधानी जयपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद अधिवेशन में जाट सरदारी ने सर्वसम्मति से कई ऐतिहासिक निर्णय लिए। इस अधिवेशन में समाज के गौरव, एकता, शिक्षा, रोजगार और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। अधिवेशन में उपस्थित प्रतिनिधियों ने केंद्र और राज्य सरकार से समाज हित में सात प्रमुख माँगें रखीं और भविष्य के लिए छह महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए। अधिवेशन में सर्वसम्मति से यह माँग की गई कि दीनबंधु, रहबरे आज़म चौधरी सर छोटूराम जी को उनके समाज सुधार और किसान कल्याण में अमूल्य योगदान के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। इसके साथ ही, राजस्थान सरकार से आग्रह किया गया कि जयपुर में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा स्थापित की जाए और महाराजा सूरजमल म्यूज़ियम का निर्माण करवाया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनके बलिदान और योगदान से परिचित हो सकें। तीसरी प्रमुख माँग जयपुर की वीर तेजाजी रोड (वी.टी. रोड), मानसरोवर पर लोक देवता वीर तेजाजी की भव्य प्रतिमा और म्यूज़ियम निर्माण की रही। चौथी माँग जयपुर में वीर तेजाजी जाट छात्रावास के लिए निशुल्क भूमि आवंटन की की गई, जिससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र लाभान्वित हो सकें। इसके अतिरिक्त, जाट महापुरुषों के इतिहास को सीबीएसई, एनसीईआरटी और प्रदेशीय पाठ्यक्रमों में शामिल करने की माँग रखी गई। केंद्र सरकार से यह भी निवेदन किया गया कि हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, भरतपुर, धौलपुर आदि राज्यों के जाटों को केंद्रीय OBC आरक्षण प्रदान किया जाए। साथ ही, जहाँ-जहाँ जाट समुदाय वर्षों से निवास कर रहा है – जैसे महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु आदि – वहाँ की राज्य सरकारें गजट में जाट जाति को शामिल करें। अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जाट समाज के युवाओं को जाट इतिहास पढ़ने, महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि मनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। समाज में टेक्निकल, स्किल और उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने का भी संकल्प लिया गया। "नशा मुक्त जाट समाज" के लिए अभियान चलाने, युवाओं में जागरूकता बढ़ाने, और 36 बिरादरियों के सामाजिक भाईचारे को सशक्त करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। अधिवेशन में यह भी तय हुआ कि समाज के उच्च पदों पर बैठे जाट नेता और अधिकारी निस्वार्थ भाव से समाज की सहायता करें। अंत में, यह सर्वसम्मति से प्रस्तावित हुआ कि क्षेत्रवाद और गोत्रवाद से ऊपर उठकर विश्व स्तर पर जाट एकता को मजबूत किया जाएगा।

# गरूडवासी ढूंढ नदी रपट टूटने के बाद बहाव क्षेत्र से जान जोखिम में डालकर निकल रहें हैं

### लोगों की लापरवाही व प्रशासन की अनदेखी से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)।** चाकसू क्षेत्र में 1 सितम्बर को हुई भारी बारिश के बाद चाकसू-लालसोट रोड पर गरूडवासी के पास ढूंढ नदी पर बनी रपट 2 सितंबर शाम को टूट गई थी। जिससे आसपास के गांवों का संपर्क पूरी तरह से बाधित हो गया। लेकिन आज तक भी टूटी रपट की मरम्मत नहीं हो सकी है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कुछ दिनों बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग ने टूटी रपट पर पाइप लगाकर और मिट्टी डालकर दुपहिया व चौपहिया वाहनों के लिए अस्थायी वैकल्पिक व्यवस्था जरूर की थी, लेकिन 2 अक्टूबर को हुई बारिश में वह भी बह गई। अब हालत यह है कि क्षेत्र के लोग नदी के तेज बहाव के बीच जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर हैं।



**जुगाड़ फंसा, ट्रैक्टर से निकाला गया बाहर**

रविवार को ढूंढ नदी के बहाव क्षेत्र में एक जुगाड़ वाहन फंस गया, जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से ट्रैक्टर की सहायता से बाहर निकाला। घटना के दौरान नदी का बहाव तेज था और बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं रोज़ाना आवाजाही करते हैं, जो बेहद खतरनाक है।

**प्रशासन को दी गई कई बार सूचना, फिर भी अनदेखी**

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिया टूटने के बाद कई बार प्रशासन को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोग नदी के किनारे बनी अस्थायी पगडंडी से दुपहिया व हल्के वाहन निकाल रहे हैं, जिससे किसी भी समय गंभीर हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासियों ने की स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं ग्रामीण गणेश गोदारा, शिवदयाल सिंह, शंभु सिंह राजावत, शक्ति सिंह व बाबूलाल प्रजापत सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल पुलिया की मरम्मत और सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग की मांग की है।

### इनका क्या कहना है

बिपाशा महोलिया सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग चाकसू गरूडवासी ढूंढ नदी की टुटी रपट काम चल रहा है 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है एक-दो दिन में आवागमन शुरू हो जायेगा।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
13 अक्टूबर, 2025

# डॉक्टर सतीश पूनिया की ऐतिहासिक पुस्तक अग्निपथ नहीं जनपथ का हुआ विमोचन



















**डॉ. सतीश पूनियां की पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' का विमोचन राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, भीलवाड़ा जिला प्रमुख बरजी बाई भील ने किया**

**संगठन की मजबूती के लिये मैंने सतीश पूनियां को पदयात्राएं करते, संघर्ष करते देखा है, मेरी सतीश पूनियां की पहचान राजस्थान के सूदूर अंचल में बैठे कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाने से लेकर प्यार देते रहने का कार्य है- गुलाबचंद कटारिया**

**भाजपा राजस्थान अध्यक्ष रहते हुए सतीश पूनियाँ ने जिन जनमुद्दों के लिये सड़क पर संघर्ष किया आज उन्हीं की बुनियाद पर भाजपा की भजनलाल सरकार का जन्म हुआ- राजेन्द्र राठौड़**

**राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया राजनीति के आदर्श हैं, सतीश पूनियां कुशल संगठनकर्ता हैं पार्टी की मजबूती के लिये प्रदेश में उन्होंने खूब काम किया- मदन राठौड़**

## सतीश पूनियां के प्रोग्राम में यह जानने आया हूँ कि कांग्रेस हरियाणा चुनाव कैसे हारी- टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां की विधायक कार्यकाल (2018-2023) पर आधारित पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' (संवाद से संघर्ष) का विमोचन पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, भाजपा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, भीलवाड़ा जिला प्रमुख बरजी बाई भील ने किया। पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' पुस्तक का लोकार्पण और कृति चर्चा जयपुर के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर से पार्टी कार्यकर्ता, मंत्रीगण, विधायकगण, पार्टी पदाधिकारी, संपादकगण, पत्रकार, लेखक, उद्यमी, शासन प्रशासन व आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठोड़ और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, अध्यक्षता भीलवाड़ा जिला प्रमुख बरजी बाई भील सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह आयोजन राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर एवं वेरा प्रकाशन, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। सभी वक्ताओं ने भारत के मजबूत लोकतंत्र की प्रशंसा करते हुये कहा कि, विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन जनहित में सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए, इस बात का सभी से आह्वान किया। राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के मुख्य आतिथ्य में सतीश पूनियां की ओर से लिखी गई पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' का विमोचन किया, इस गरिमामय मौके पर गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि यह पुस्तक लिखकर सतीश पूनियां ने लोकतंत्र की खूबसूरती के लिये ऐतिहासिक कार्य किया है और वह खुद इस पुस्तक से इतने प्रभावित हैं कि उन्हें भी पुस्तक लिखने की प्रेरणा मिली है, क्योंकि इस पुस्तक के माध्यम से राजस्थान विधानसभा की कार्यप्रणाली, नेता प्रतिपक्ष की भूमिका, स्पीकर की भूमिका, राजस्थान विधानसभा से जुड़ी हर प्रक्रिया के बारे में जो जानकारी दी गई है, वह वास्तव में अपने आप में एक बड़ा कार्य है और इसके लिए सतीश पूनियां धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक से आमजन को भी काफी कुछ सीखने को मिलेगा, विधानसभा के बारे में उन्हें अच्छी जानकारी मिलेगी इसके अलावा नए विधायकों और जो युवा राजनीति में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उन्हें काफी कुछ इस पुस्तक से सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सतीश पूनियां ने इस पुस्तक का विमोचन उनके हाथों से करवाया यह भी उनके इतने बड़े राजनीतिक जीवन में सबसे बड़ा सुखद क्षण है यह भारत के लोकतंत्र की खूबसूरती को दर्शाता है । कटारिया ने हमारे विचार अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन जब देशभक्ति और जनहित के मुद्दे सामने होते हैं तो हम सब एक होते हैं, यही भारत के लोकतंत्र की खूबसूरती है, उन्होंने कहा कि मंच पर भीलवाड़ा जिला प्रमुख बरजी बाई भील का मौजूद होने से इस कार्यक्रम का गौरव और बढ़ जाता है। मैं जब राज्यपाल पद से रिटायर हो जाऊंगा तो फिर साधारण कार्यकर्ता बन जाऊंगा इसलिए एक श्रेष्ठ कार्यकर्ता बनकर आदमी लंबे समय तक राजनीति में खुद को स्थाई रख सकता है। इसलिए सतीश पूनियां की ओर से लिखी गई यह पुस्तक एक अमूल्य खजाना है जिसे पढ़कर काफी कुछ जीवन में हासिल किया जा सकता है कटारिया ने कहा कि राजनीति में हार-जीत नहीं, बल्कि जनहित के लिए किया गया कार्य ही पहचान बनाता है। मैंने सतीश पूनियां को विद्यार्थी परिषद लेकर युवा मोर्चा और भाजपा संगठन के लिये जमीन पर मेहनत करते देखा है, अजमेर से भरतपुर की युवा मोर्चा की 1999 में पदयात्रा की हो आपने या फिर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पूरे राजस्थान में आपने संगठन को जन-जन तक पहुंचाने की बात हो, जनहित के मुद्दों को सड़क से सदन तक मुखरता से उठाना, यह सब आपके व्यक्तित्व की खूबियां हैं, पद आएंगे जायेंगे लेकिन मेरी आपकी पहचान जयपुर से लेकर राजस्थान के सूदूर अंचल में बैठे कार्यकर्ता के बीच में रहना, उसका मनोबल बढ़ाने का कार्य है, कार्यकर्ता को प्यार देते रहना है।

उन्होंने कहा कि भैरोसिंह शेखावत सिखाते थे, जो हमें कहते थे राजस्थान को जानना है तो सदन में बैठो। दुर्भाग्य है कि अब सदन से ज्यादा ध्यान तबादलों पर रहता है।

कटारिया ने कहा कि जो अग्निपथ से गुजरता है वही जनपथ को समझता है। विचार भले अलग हों, लेकिन सौहार्द बना रहना चाहिए।

राजेन्द्र राठौड़ ने संबोधन में कहा कि, अग्निपथ पर तपे बिना जनपथ नहीं मिलता, अग्निपथ पर चलकर जो कुंदन की तरह तपता है, वही जनपथ तक पहुंचता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अग्निपथ पर चलकर देश के शीर्ष तक पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता प्रतिपक्ष के रूप में गुलाबचंद कटारिया सुबह 9.30 बजे से विधानसभा में बैठ जाते थे। ऐसी गंभीरता मैंने केवल भैरोसिंह शेखावत और गुलाबचंद कटारिया में देखी है।

राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि, यहां पक्ष के रूप में सतीश पूनियां विराजे हैं, प्रतिपक्ष के रूप में टीकाराम जूली विराजे हैं, निष्पक्ष के रूप में महामहिम राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया विराजे हैं, एक धरा के रूप में भीलवाड़ जिला प्रमुख बरजी बाई भील विराजी हैं, यह बहुत विरला मौका है जो लंबे अरसे बाद मिला है। पुस्तक का शीर्षक अग्निपथ नहीं जनपथ- संवाद से संघर्ष तक, यह सतीश पूनियां के खुद के राजनीतिक संघर्ष के साथ-साथ आने वाले दिनों में राजनीति के विद्यार्थियों के लिये एक मार्गदर्शक बनेगा।

सतीश पूनियां एक ऐसे मंझे राजनेता हैं जो जनहित के राजनीतिक मुद्दों को पकड़ना, उन्हें तलाशना और फिर उन्हें जनता का मुद्दा बना देना, यह खूबी मैंने आपके व्यक्तित्व में देखी है।

जिन मुद्दों को भाजपा राजस्थान अध्यक्ष रहते हुए सतीश पूनियाँ ने सड़क पर संघर्ष करते हुए जन मुद्दे बना दिए आज उन्हीं की बुनियाद पर हमारी भाजपा की भजनलाल सरकार का जन्म हुआ है।

हमारी भाजपा की सरकार की बुनियाद में आपके सड़कों पर किए गए संघर्ष और जिन मुद्दों को आपने जनमुद्दा बनाया, उसी की वजह से आज भाजपा की भजनलाल सरकार का जन्म हुआ है।

निश्चित तौर पर जो अग्निपथ पर चलता है तपकर कुंदन बनता है, और जो अग्निपथ पर कुंदन की तरह तप कर आगे बढ़ता है, जनपथ उसी को मिलता है, और ताजा उदाहरण देखें तो दुनिया में सबसे लोकप्रियता नरेंद्र मोदी है, वह भी अग्निपथ के वाहक बनकर जनपथ के वाहक बने हैं, जब संघर्ष और संवाद की बात आप करते हैं, हर संघर्ष के पीछे संवाद उसका मूल मंत्र होता है।

उन्होंने सतीश पूनियां की ओर से लिखी गई पुस्तक के शीर्षक अग्निपथ से जनपथ के बारे में कहा कि जैसे सतीश पूनियां का संघर्ष से भरा जीवन रहा इन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाजपा के युवा मोर्चा में रहते हुए और भाजपा राजस्थान के अध्यक्ष की कमान संभालने के दौरान हमेशा सड़कों पर लड़ाई लड़ी और बाद में भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान भी हमेशा सड़कों पर आंदोलन करते नजर आए इसलिए इनकी ओर से लिखी गई पुस्तक उन युवाओं के लिए काफी प्रेरणादायक साबित होगी जो राजनीति में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं।

राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने संबोधन में कहा कि, सतीश पूनियां, राजेंद्र राठोड़, गुलाबचंद कटारिया, घनश्याम तिवाड़ी जैसे नेताओं को वह काफी मिस करते हैं विधानसभा में, क्योंकि इन नेताओं से उन्होंने काफी कुछ सीखा है, इन नेताओं का विधानसभा में समय पर आना समय पर जाना प्रत्येक बैठक में शामिल होना, प्रत्येक मुद्दे पर तथ्यात्मक तरीके से अपनी बात कहना सदन की मर्यादाओं का ध्यान रखना, इन वरिष्ठ नेताओं की यह विशेषता थी जिन्हें देखकर सदन में पहली बार आया विधायक भी काफी कुछ सीखता था, लेकिन वह खुद भी इन नेताओं को आज राजस्थान विधानसभा में काफी मिस करते हैं।

टीकाराम जूली ने कार्यक्रम में कहा कि राजस्थान की राजनीति में सतीश पूनियां एक सभ्य राजनेता हैं, लोकतंत्र और विधानसभा की मर्यादाओं को अच्छी तरह से समझते हैं, सतीश पूनियां एक अच्छे लीडर अच्छे वक्ता अच्छी सोच वाले राजनेता हैं

जूली ने कहा, हरियाणा के लोगों का मस्तमौला स्वभाव होता है और आजकल यही स्वभाव सतीश पूनियां का भी हो गया है, मैं खास कर सतीश पूनियां के प्रोग्राम में यह जानने आया हूँ कि हम हरियाणा चुनाव कैसे हारे, सब कह रहे थे कांग्रेस जीत रही हैं, जीत रही है, लेकिन फिर हरियाणा में हारी कैसे कांग्रेस यह आज तक पता नहीं चल पाया ?

मदन राठौड़ ने कहा, राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया राजनीति के आदर्श हैं, उन्होंने कहा कि सतीश पूनियां कुशल संगठनकर्ता हैं पार्टी की मजबूती के लिये प्रदेश में उन्होंने खूब काम किया, मदन राठौड़ ने सतीश पूनियां की ओर इंगित करते हुए कहा कि सतीश भाईसाहब मैं तो हमेशा आपके आगे चल चलकर आपका रास्ता बनाया है और भाईसाहब अब आप चिंता मत कीजिए आगे भी मैं आपके लिए रास्ते बनाते रहूंगा.. यह सुनकर सतीश पूनियां और मंच पर मौजूद सभी लोग एवं सभागार में मौजूद लोग जोर-जोर से हंसने लगे।

सतीश पूनियां की कई खूबियों का तो उन्हें पहले से पता था लेकिन उनकी यह किताब देखकर उन्हें आज महसूस हुआ कि वह एक अच्छे लेखक भी हैं।

पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए एफएम आरजे कार्तिक, कवयित्री एवं लेखिका शिवांगी सिंह, एडवोकेट एवं सोशल मीडिया चिंतक मनमीत सोनी, कवि दिनेश कुमार सूत्रधार और साहित्यकार नीलू शेखावत को सम्मानित किया गया। मंच संचालय लाड़नूं राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य गजादान चारण, राजस्थान साहित्य अकादमी (उदयपुर) के सचिव बसंत सोलंकी ने आभार व्यक्त किया।

पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' पुस्तक का लोकार्पण और कृति चर्चा जयपुर के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित हुई, राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर, झाबर सिंह खर्रा, सुमित गोदारा, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, राव राजेन्द्र सिंह, विधायक श्रीचंद कृपलानी, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, डॉ.शैलेष सिंह, कैलाश वर्मा, महेन्द्रपाल मीणा, शोभा चौहान, आदूराम मेघवाल सहित प्रदेशभर से पार्टी कार्यकर्ता, मंत्रीगण, विधायकगण, पार्टी पदाधिकारी, संपादकगण, पत्रकार, लेखक, उद्यमी, शासन प्रशासन व आमजन उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# लोकनृत्य और सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियों के साथ सहपाठी पुनर्मिलन समारोह संपन्न

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** स्थानीय गोपाल वाटिका में शनिवार को आयोजित सहपाठी पुनर्मिलन कार्यक्रम में दोपहर बाद तृतीय सत्र में समस्त संभागियों का अभिनंदन किया गया। इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मंचस्थ पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया और विशिष्ट अतिथि राजकुमार चौधरी , सीताराम शर्मा और रामावतार शर्मा ने सत्र 1981- 82 के सहपाठियों का अभिनंदन साफा व दुपट्टा पहनाकर और साहित्य व स्मृति चिह्न भेंटकर किया । मुख्य अतिथि के रूप में संभागियों को संबोधित करते हुए इंदौरिया ने कहा कि चार दशक पूर्व के सहपाठी इस समय लगभग सेवानिवृत्ति के करीब हैं या सेवानिवृत्त हो चुके हैं अतः अब इस समूह को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना



चाहिए। राजकुमार चौधरी ने इस अनूठे आयोजन को प्रेरणादाई बताया। रामावतार शर्मा और सीताराम शर्मा ने कहा कि समूह के अधिकतर विद्यार्थियों ने अपने - अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित कर विद्यालय और रतनगढ़ को गौरवान्वित किया है। समारोह को चिर स्मरणीय बनाने के लिए प्रकाशित बहुरंगी फोल्डर का विमोचन इसी सत्र में अतिथियों के द्वारा किया गया । अभिनंदन से अभिभूत सहपाठियों राकेश लाटा , विनोद सोनी , दीपकसिंह जोरा आदि ने अध्ययन काल और सेवाकाल के विशेष संस्मरण सुनाए । सायंकालीन सत्र में पारंपरिक लोकनृत्य कच्छी घोड़ी पर सभी संभागी जमकर थिरके और रात्रि में हुई संगीत संध्या में छोटू मारवाड़ी म्यूजिकल ग्रुप के साथ एक से बढ़कर एक गजल व गीत सुनाए गए । कुलदीप व्यास और सत्यनारायण पारीक द्वारा प्रस्तुत युगल गीत इक प्यार का नगमा है ..... पर जहां श्रोताओं ने सुर में सुर मिलाए वहीं शशिकांत और कविता वर्मा के गीत " इक दिन बिक जाएगा , माटी के मोल ..... " ने सभी का दिल जीता । मल्लूराम सारण के दार्शनिक चिंतन " हीराँ जड़ियो आंगणियो.... और डॉ रविंद्र कड़ेल के गीत " चंदन है इस देश की माटी ...... और इंजीनियर सुबोध वर्मा के गीत " ओह रे ताल मिले नदी के जल से......... पर श्रोताओं ने तालियां बजाते हुए ताल दी । जवाहर कटारिया व मीना कटारिया, डॉ हीरालाल सोनी व मंजू सोनी , रतनलाल चौधरी व ऊषा चौधरी , मास्टर मोनू आदि ने मनभावन प्रस्तुतियों से आयोजन को सरस बनाया । इस अवसर पर जय लक्ष्मी सुपर मार्ट के सौजन्य से लक्की ड्रा निकाला गया जिसमें प्रथम सुरेश महर्षि , द्वितीय प्रद्युम्न भारद्वाज और तृतीय गणेश सोनी को क्रमशः तीन , दो और एक चांदी का सिक्का भेंट किया गया । दिन भर चले इस अभूतपूर्व आयोजन के समापन पर गीत " बीते हुए लम्हों की कसक साथ तो होगी ... का सामूहिक संगान किया गया ।

## सड़क दुर्घटना मे बाइक व कार की भिड़ंत , बाइक सवार हुए घायल एक की मौत



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ के नजदीकी गाँव बीड़ोदी मे हुई सड़क दुर्घटना बाइक सवार और कार चालक के मध्य हुई तेज भिड़ंत , जिसमे बाइक पर दो लोग सवार थे जिसमे बाइक चालक नरेंद्र व बाइक सवार मंजु कवंर दोनों को हादसे मे चोट आयी नजदीकी लोगों ने दोनों ही सवार के इलाज के लिए हरी अस्पताल मे लेकर गये पुलिस थाना बलारा मोके पर पहुंचीं, मौका कर के वाहन को जब्त कर हरि अस्पताल घायल सवार के पास पहुंचें । जिसमे बाइक सवार मंजु कवंर को गंभीर चोट के कारण सीकर रेफ़र किया गया, जिला अस्पताल सीकर मे बाइक सवार मंजु की मृत्यु हो गयी । शव नवलगढ जिला अस्पताल में बलारा पुलिस के निगरानी में रखा गया।बाइक सवार लक्ष्मणगढ़ से नवलगढ़ की तरफ आ रहे थे जो कि घायल हो गए। दूसरी और डिजायर गाड़ी सवार चालक सुरक्षित है ये नवलगढ़ से लक्ष्मणगढ़ की तरफ सही दिशा मे जा रहे थे हादसे मे बाइक सवार को गंभीर चोटे आई , कार चालक सहा सुरक्षित। हादसा रविवार शायं को नवलगढ से लक्ष्मणगढ़ मार्ग पर हुआ।

## नवलगढ़ में विशाल निःशुल्क न्यूरो-ऑर्थो शिविर सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ के न्यूरो स्पाइन हॉस्पिटल, सीकर की ओर से रविवार को मकतब फलाह ईदगाह, मोहल्ला आथुना, मदिना मस्जिद, नवलगढ़ में विशाल निःशुल्क न्यूरो, ऑर्थो, स्पाइन, ट्रॉमा व फ्रैक्चर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जांच की गई तथा उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में डॉ. सीताराम रणवां (न्यूरोसर्जन) – एम.एस.एम.एस. हॉस्पिटल, जयपुर एवं गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल, दिल्ली से, तथा डॉ. नाहर सिंह (ऑर्थोपेडिक सर्जन) – पूर्व विभागाध्यक्ष, एस.के. मेडिकल कॉलेज, सीकर की विशेषज्ञ टीम उपस्थित रही। शिविर में सिर, गर्दन, रीढ़, कमर, घुटने एवं जोड़ों से संबंधित दर्द, फ्रैक्चर तथा अन्य हड्डी रोगों के मरीजों का परीक्षण किया गया। माजिद खत्री, मोहम्मद खत्री, आसिफ तंवर, अंकित सैनी, आलिम, फारिश नवलगढ़, वासिद गांधी, समीर खत्री, सोयब भाटी, असद डायमंड एवं पार्षद अदनान खत्री का। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की परामर्श सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराना था।

## महालक्ष्मी पूजन के द्वितीय दिवस भक्तो की भारी भीड़



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)** श्री कल्याण धाम सीकर में धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में चल रही 16 दिवसीय महालक्ष्मी पूजा में द्वितीय दिवस भक्तो की भारी भीड़ उमड़ी सैकडो श्रद्धालुओं ने महालक्ष्मी की आरती की मंदिर व्यवस्थापक रविप्रसाद शर्मा ने बताया कि 10 अक्टूबर 2025 को करवा चौथ पर दिव्य सिंदूर वितरण होगा, महालक्ष्मी की महाआरती प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल 08.15 बजे होती हैं जिसमे अनेक धार्मिक कार्यक्रम होते हैं।

## तीन स्थाई एवं एक गिरफ्तार वारंटी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** स्थानीय पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तीन स्थाई वारंटीयो एवं एक गिरफ्तार वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक लुनावत द्वारा वांछित अपराधियों की धडपकड हेतु चलाए गए एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत नीमकाथाना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल




शर्मा के सुपरविजन एवं अजीतगढ़ पुलिस उपाधीक्षक उमेश गुप्ता के निर्देशन में थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया जिस कारण पुलिस की ने काफी सालों से फरार चल रहे इन स्थाई एवं गिरफ्तार वारंटियों की जगह-जगह तलाश की एवं उनके मोबाइल लोकेशन निकाले गए जिस कारण स्थाई वारंटी रघुनाथपुर थाना शाहपुरा निवासी प्रभु दयाल गुर्जर, परसरामनगर ढहर का बालाजी सीकर मकान नंबर 6 निवासी कमल कुमार, गढटकनेत की ढाणी ढाला वाली ढाणी निवासी भागचंद जाट एवं गिरफ्तार वारंटी वार्ड नंबर 20 अडेसरी मोहल्ला अजीतगढ़ निवासी सुवालाल बडसीवाल को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। थानाधिकारी ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी में कांस्टेबल अनिकेत वर्मा, कांस्टेबल राकेश मीणा एवं कांस्टेबल राकेश कुमार की अहम भूमिका रही।

## श्री जैन श्वेताम्बर स्कूल में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय से कक्षा 11 व 12 वीं कला एवं वाणिज्य वर्ग के कुल 43 विद्यार्थियों हेतु पाँच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों को नाथद्वारा, सांवरिया सेठ मन्दिर, चितौड़गढ, उदयपुर व माउंट आबू आदि स्थानों का भ्रमण करवाया जायेगा।



विद्यालय प्रधानाचार्य प्रेम सिहं राठौड़ ने बताया कि विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को विभिन्न मन्दिरों, किलों, झीलों व अन्य दर्शनीय स्थानों का भ्रमण करवाती है ताकि विद्यार्थियों उस स्थान एवं वहाँ से जुड़ी कला एवं संस्कृति सहित भौगोलिक रचनाओं एवं स्थापत्य कला को भली-भांति समझ सके। इस दौरान विद्यार्थियों ने नाथद्वारा मन्दिर व सांवरिया सेठ का भी भ्रमण करवाया जायेगा जहाँ वे न केवल दर्शन करेंगें अपितु उनसे जुड़ी विभिन्न घटनाओं को भी जानेगें व मन्दिर की स्थापत्य कला का साक्षात् दर्शन करेंगे। विद्यालय संचालक न्यास के मुख्य न्यासी बसंत कुमार जी पारख, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. सूरजमल जी सुराणा, सचिव आनन्द जी बालाण सहित दिल्ली एवं कोलकाता से भी अन्य सदस्यों ने विद्यालय प्रशासन को भ्रमण के सफल आयोजन की बधाई दी तथा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भ्रमण के दौरान सीखी गई विभिन्न सूचनाओं एवं जानकारियों को अपनी शैक्षणिक गतिविधियों में जोड़ उनका उचित उपयोग कर सके। इस दौरान विद्यालय के कल्पना जांगिड़, ज्योति मेड़तिया, सुमन प्रजापत, भारती कृपलानी, मुदित शर्मा एवं लखेन्द्र सिहं आदि विद्यार्थियों के साथ रहे एवं प्रबंधन में अपना सहयोग दिया।

## दुसरों को क्षमा करने वाला व्यक्ति ही महान होता है-हरिशरण महाराज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** गीता क्लास में रविवार को कथावाचक हरिशरण महाराज पंहुचे उन्होंने गीता क्लास में पढ़ने वाले बच्चों से संवाद किया। महाराज ने कार्यक्रम का शुंभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। महाराज ने बच्चों से नियमित रूप से गीता पाठ करने का आह्वान करते हुए बच्चों को मोबाईल से दुर रहने व स्वस्थ जीवन जीने से सम्बधित योग क्रियाओं की जानकारी दी। महाराज ने कहा कि दुसरों को क्षमा करने वाला व्यक्ति ही महान होता है। सब कुछ भगवान का ही है। और भगवान में ही मिलना है। हमें किसी भी चीज पर घमंढ नहीं करना चाहिए। महाराज ने बताया कि बच्चों को सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक खाने पीने और रहने के तरीके नियम बताए। उन नियमों का पालन बच्चे नियमित रूप से करें। संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि सराफ फाउंडेशन द्वारा संचालित गीता क्लास में बच्चों को संस्कारित बनाया जा रहा है। इस अवसर पर रविवार को कथावाचक हरिशरण महाराज ने 5 व 12 श्लोक सुनाने वाले बच्चों को बैग देकर सम्मानित भी किया। महेश शर्मा, जनार्दन आचार्य व निरंजन देव ने बच्चों को गीता क्लास में पांच श्लोक, 23वां, 15वां और 16वां अध्याय, गजल गीत के पाठ का अभ्यास करवाया। बच्चों ने अंत में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर मोहित सिंघानिया, माधुरी शर्मा, पूजा खंडेलवाल, दिव्या शर्मा, रेणु बजाज, पूनम शर्मा आदि उपस्थित। संजय सिघानिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** वैदिक आश्रम पिपराली में 13 वर्ष बाद इतिहास रच कर 14 वर्ष आयु वर्ग छात्रा वॉलीबॉल सीकर टीम का पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने किया सम्मान। राज्य स्तरीय 69 वीं 14 आयु वर्ग छात्र वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन ओसियां जोधपुर में हुआ था जिसमें सीकर जिले की छात्रा वर्ग टीम ने 13 वर्षों बाद स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद सीकर लोटी वॉलीबॉल टीम का वैदिक आश्रम पिपराली में सीकर के पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती जी के सानिध्य में स्वागत सम्मान किया गया। पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने बताया की सीकर टीम का राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक लाना हमारे सीकर जिले के लिए गर्व की बात है तथा उन्होंने कहा की यह प्रतियोगिता केवल पदक जीतने का मंच नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रभावना जगाने का अभियान है।हर युवा खिलाड़ी अपने भीतर एक नया भारत गढ़ रहा है जो परिश्रम, अनुशासन और स्वाभिमान से प्रेरित है।खेलों में भाग लेने वाले सभी प्रतिभाशाली छात्रों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ। इस अवसर पर भी पिपराली सरपंच संतोष मुंड, भाजपा पिपराली मंडल अध्यक्ष श्रवण मूंड, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित कोच शिव शरण बगडिया जी, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता सुधेश पूनिया, केसर जी बुरडक सम्मानित शिक्षक, कोच एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## श्री राम कथा के तीसरे दिन व्यास पीठ पर विराजमान धर्मदास महाराज ने बताया कथा में राम जन्म हुआ

**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ मुरारका मैरिज गार्डन में चल रही तीसरे दिन रामकथा में महाराज ने बताया कि कथा में जाओ तो हृदय में राम आंखों में राम दिखे और जी पर राम नाम आता है । तो वह मनुष्य कथा में जाने का लाभ प्राप्त करता है मानव शरीर ही मनोहर रत्न है । सभी सुखों का साधन राम ही है बाबा शंकर कहते हैं कि काशी में अगर कोई मरता है तो उसको मैं अपने बैकुंठ में ले जाता हूं । फिर महाराज बताते हैं हरि भी अनंत है हरि की कथा भी आनंद है मनुष्य को उठते बैठते हर वक्त राम नाम करते रहना चाहिए कलयुग में एक ही मंत्र है वह है राम नाम मंत्र सनातन धर्म को जागना होगा जब तक भारत में को हत्या बंद नहीं होगी तब तक भारत में शांति नहीं होगी सतयुग में अकेला एक रावण था आजकल तो कलयुग में हर कोई रावण है । आजकल टीवी में झूठा आडंबर दिखाया जाता है इसलिए अपने वेद शास्त्र को ज्यादा पढ़ो और अपनी संस्कृति का बढ़ावा दो ।जब तक धर्म की हानि होती तब मैं धरती पर मानव रूप में धरती पर आऊंगा । महाराज ने बताया धरती पर जब पाप कर बढ़ता है तो धरती गोविंद से पुकारती है कि है गोविंद धरती पर आकर अत्याचार बहुत बढ़ गया है अब तो उसका उद्धार करो ।

## यूडीएच मंत्री ने ईगल आई हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

**रींगस(निसं.)।** कस्बे के एनएच 52 पर सीकर-जयपुर बस स्टैंड के पास नवनिर्मित ईगल आई हॉस्पिटल का उद्घाटन सामोद धाम के महंत अवध बिहारी जी देवाचार्य के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्पताल के संरक्षक कालूराम बराला ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खंडेला विधायक सुभाष मील, अजीतगढ़ पंचायत समिति प्रधान एडवोकेट शंकर लाल यादव, खंडेला पंचायत समिति प्रधान गिरिराज सिंह, डॉ रामगोपाल यादव व आरएएस सुरेंद्र बराला थे। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का डॉ राकेश बराला के नेतृत्व में डॉ नरेंद्र चौहान, डॉ राजेंद्र



प्रसाद के द्वारा दुपट्टा पहना कर व मोमेंटो देकर अभिनंदन किया गया। समारोह के दौरान यूडीएच मंत्री खर्रा मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि सरकार और चुनाव आयोग में कोई मतभेद नहीं है, प्रदेश के निवर्तमान चुनाव आयुक्त ने जल्दबाजी में वार्डों के गठन के लिए पुराने परिसीमन के आधार पर वोटिंग लिस्ट बनाने का काम करने के लिए आदेश जारी कर दिए थे लेकिन अब उसे रोक दिया गया है और अब वर्तमान चुनाव आयुक्त से चर्चा कर दोबारा गठन किया जा रहा है। राज्य पिछड़ा आयोग जैसे ही आंकड़े उपलब्ध करवाएगा, हम एक सप्ताह में निकाय चुनाव की तारीख घोषित कर देंगे और अध्यक्ष के चुनाव सीधे होंगे या पार्षदों के द्वारा चयन होगा एवं योग्यता का आधार क्या होगा, इन सभी मुद्दों पर विधायकों, मंत्रिमंडल और पार्टी आलाकमान से विचार विमर्श करके ही निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान मुकेश निठारवाल वंशिका, डॉ राधेश्याम सामोता, राजू बराला, एडवोकेट दीपक बाजिया, हरदयाल सिंह बलौदा, राहुल बाजिया, मदन जाखड़, दीपक कुमावत, तेजपाल हरितवाल, सीताराम बाडीगर आदि मौजूद थे।



## कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com
Phone number 01567-294504

क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26 / 8770
दिनांक- 09/10/2025

### आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे व निम्न तालिका में अंकित आवेदकों ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के तहत आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 3 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री प्रकाश खटीक पुत्र श्री हुक्माराम खटीक जाति खटीक | वार्ड नं. 29 राजलदेसर | 149.81 वर्ग मीटर | 1459 | कृषि से आवासीय |
| 02 | श्री अनिल कुमार पुत्र श्री हुक्माराम खटीक | वार्ड नं. 27 राजलदेसर | 195.09 वर्ग मीटर | 1459 | कृषि से आवासीय |
| 03 | श्री भागीरथ पुत्र श्री भंवरलाल जाति खटीक | वार्ड नं. 28 राजलदेसर | 105.45 वर्ग मीटर | 1459 | कृषि से आवासीय |
| 04 | श्रीमती ज्ञारसी देवी पत्नी श्री भागीरथ जाति खटीक | वार्ड नं. 29 राजलदेसर | 155.45 वर्ग मीटर | 1459 | कृषि से आवासीय |
| 05 | श्री राजू राम पुत्र श्री श्रीरामाराम मेघवाल जाति मेघवाल | वार्ड नं. 07 राजलदेसर | 233.69 वर्ग मीटर | 1287 | कृषि से आवासीय |
| 06 | श्री मनोज मेघवाल पुत्र श्री रामा राम मेघवाल जाति मेघवाल | वार्ड नं. 07 राजलदेसर | 233.69 वर्ग मीटर | 1287 | कृषि से आवासीय |
| 07 | श्री निजामुदीन चौहान पुत्र श्री नूर मोहम्मद जाति धोबी | वार्ड नं. 29 राजलदेसर | 91.97 वर्ग मीटर | - | 69 के आवासीय |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका राजलदेसर**

# सतरंज प्रतियोगिता आयोजन तिथि में बदलाव



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** स्थानीय मंडावा चेस क्लब द्वारा आयोजित 5वी राज्यस्तरीय सतरंज प्रतियोगिता कार्यक्रम में तिथि का फेरबदल करते हुए अब यह प्रतियोगिता 23,24 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है क्लब में कल हुई एक मीटिंग में यह तय किया गया कि स्कूलों के बच्चो के त्रैमासिक टेस्ट कार्यक्रम के मद्देनजर देखते हुए इस प्रतियोगिता आयोजन में फेरबदल किया जाता है बाकी सभी चीजें वैसी ही रहेगी जिन खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कर लिया था उन्हें सूचना दी जा चुकी है उलेखिनीय ह की इस बार आयोजन में 300 के लगभग खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की संभावना बताई जा रही है क्लब के सचिव,अध्यक्ष और सरंक्षक ज्ञानप्रकाश गोयनका,बाबूलाल कुमावत व केशरदेव टेलर ने बताया कि इस आयोजन में इस बार उन इंटरनेशनल भारतीय सतरंज खिलाड़ियों के चित्र भी लगाए जाएंगे जिन्होंने भारत देश का नाम सतरंज में ऊंचा किया है क्लब के सदस्य रामरतन शर्मा ने कहा कि इस आयोजन में जितने भी अंदर 19 के बच्चे हिस्सा लेंगे उन्हें सबको एक घोड़ा जो कि सतरंज के खेल का लोगो भी ह गिफ्ट किया जाएगा।

# दशहरा मेला शांतिपूर्वक संपन्न होने पर भैरु बाबा के नवाया शीश



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** शहर में 2 अक्टूबर को युवा विकास मंच के तत्वावधान में आयोजित हुए दशहरे मेले के शांतिपूर्वक संपन्न होने पर मंच के सदस्यों ने भैरू बाबा की विशेष पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। मंच के अध्यक्ष आर्यन पारीक ने बताया कि शहर की संस्था युवा विकास मंच के तत्वाधान में 2 अक्टूबर को विशाल दशहरा मेला आयोजित किया गया था। जिसके शांतिपूर्ण समापन पर मंच के सदस्यों ने भैरू जी महाराज के दर पर शीश नवाया और शहर की खुशहाली की कामना की। मंदिर कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष मामराज गुर्जर व गिरधारी गुर्जर ने टीम के सदस्यों की विशेष पूजा करवाई। इसके बाद मंच की ओर से बाबा के प्रसाद चढ़ाया गया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने शहर में सुख शांति के लिए बाबा से कामना कर दरबार में माथा टेका। सचिव विजय कुमावत ने बताया कि मंच द्वारा प्रतिवर्ष बाबा के दरबार में दशहरे मेले से पूर्व नारियल बांधकर बाबा से शांतिपूर्वक मेले के समापन की कामना की जाती है। मेला संपन्न होने के बाद रविवार को बाबा के प्रसाद लगाया जाता है। पुतला निर्माता मनोज जांगिड़ ने बताया कि यह परंपरा युवा विकास मंच के गठन के साथ ही शुरू हो गई थी जो अभी प्रतिवर्ष निभाई जाती है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सतीश जांगिड़, कोषाध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व अध्यक्ष गोविंद शर्मा, पूर्व सचिव महावीर जोशी, जयदेव टेलर, कमलकांत जोशी, विशाल सितमका, सौम्य सहित मंच के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# शुध्द आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टिम पहुंची



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** दिपावली पर्व पर राज्य सरकार की ओर से आमजन के स्वास्थ्य के प्रति शुद्ध आहार ब्रिकी के लिए शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत राजलदेसर में खाद्य सुरक्षा टिम पहुंची। रविवार का दिन होने से काफी खाद्य समान की दुकानें बन्द मिली।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज शर्मा के निर्देशानुसार बनाई गयी टिम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल बाजियां, रतनसिंह गोदारा, इस्लामुद्दीन सहायक कर्मचारी टिम सहित कस्बे के एस आर मार्ट से काजू,महामाया मिष्ठान भंडार से कलाकंद,मावा पेड़ा, जोधपुर मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी, नारायण प्रसाद महावीर प्रसाद से काजु टुकड़ी, भारदमल महावीर प्रसाद से सुजी,पवन स्टोर से महान घी,का सेम्पल लिया गया। साथ ही 40किलो चासनी,40किलो खराब मिठाई नष्ट करवाई गयी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया राज्य सरकार के आदेशानुसार दिपावली पर्व पर आमजन को शुद्ध आहार ब्रिकी के लिए पाबन्ध किया गया। साथ खाद्य पदार्थ निर्माताओं को शुद्ध व सफाई पर विशेष ध्यान रखेंगे हेतु पाबन्द किया गया। लाइसेंस को फ्रेम करवाकर दुकान में टागने हेतू निर्देशित किया गया। साथ ब्रिकि के समय तारीख देखकर ब्रिकी के निर्देश दिये।

# सारण ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर लहराया भारत का परचम

**सीकर(निसं.)।** एनडीए एकेडमी के होनहार छात्र कमलेश सारण ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाया है। ऐकेडमिक हेड निलेश पिलानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ल्ड यूथ स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में कमलेश ने पहले राजस्थान टीम की ओर से महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया और स्वर्ण पदक हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया। इसके बाद कमलेश का चयन भारत टीम में हुआ और नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम विश्व पटल पर अंकित किया।

# रिटायर्ड एसोसिएशन सीकर आगार ने आन्दोलनात्मक की तैयारी

## डिपो परिसर में सरकार के कर्मचारी विरोधी में आज विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** गत कांग्रेस सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में की गई बजट घोषणा की पालना में रोडवेज सहित प्रदेश के समस्त निगम-बोर्डों आदि संस्थाओं में सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिये अप्रैल, 2023 से लागू की गई ओल्ड पेंशन स्कीम के मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा समाप्त करने के लिये 9 अक्टूबर 2025 को जारी आदेश का राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाईज यूनियन-एटक एवं आरएसआरटीसी रिटायर्ड एम्पलाईज एसोसिएशन-दोनों संगठन कड़ा विरोध करते हैं।राजस्थान सरकार के वित्त विभाग के 20 अप्रेल 2023 के आदेश की पालना में रोडवेज मुख्यालय के 1 मई 2023 एवं 11 मई 2023 के आदेशों द्वारा क्रमशः सेवानिवृत्त एवं सेवारत कर्मचारियों पर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की गई थी। ओल्ड पेंशन स्कीम पेंशन सीपीएफ पेंशन से गुणात्मक रूप से बेहतर होने और सामाजिक सुरक्षा की सम्मानजनक गारन्टी होने के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा औसतन 20 से 25 लाख रूपये की भारी भरकम राशि पेंशन निधि में जमा कराई गई। इस सम्बन्ध में विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि एक ओर ऐसे बहुत से कर्मचारियों ने ऊंची ब्याज दर पर उधार लेकर या घर के गहने बेचकर या अपनी जमीन आदि बेचकर इतनी बड़ी राशि इसलिये जमा कराई थी कि उन्हें शेष जीवन के लिये एक सम्मानजनक सामाजिक सुरक्षा मुहैया हो जायेगी और परिवार के किसी अन्य सदस्य पर बोझ बनकर जीना नहीं पड़ेगा, तो दूसरी ओर ऐसे सभी सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी, जिन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम पेंशन का विकल्प चुना था, वे सभी सर्वोच्च न्यायालय के 4 नवम्बर 2022 के निर्णय के तहत अपने पूरे वेतन पर सीपीएफ की हायर पेंशन का विकल्प चुनने के दिये गये अवसर से भी वंचित हो गये। विषय बड़ा व्यापक एवं अत्यन्त गम्भीर है। इसलिये इसका आंकलन करने एवं बड़ी आन्दोलनात्मक कार्यवाही की तैयारी के लिये संयुक्त मोर्चे के घटक संगठनों की यथासमंव शीघ्र बैठक आयोजित की जायेगी। 13 अक्टूबर को डिपो परिसर में सरकार के कर्मचारी विरोधी फरमान के लिए विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, अतः सभी साथियों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।प्रदेश सचिव प्रभु दयाल बाजियां,सचिव महेश कुड़ी,अध्यक्ष गोरुराम काजला क्षेत्रीय अध्यक्ष नेमीचंद लिड़ान मुख्य संगठन सचिव विनोद कुमार दायमा,वित्त सचिव राजेंद्र प्रसाद कुमावत,राजेश खीचड़ प्रदीप चौधरी, महावीर प्रसाद शर्मा, पोखर राम कुड़ी, भोमाराम,नरेश कुमार शिशपाल सियाग आदि।

# 17 वर्ष 8 व 19 वर्ष आयु वर्ग में सर्वाधिक अंकों के साथ प्रिंस रही सिरमौर

## जिला स्तरीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** सांवली रोड़ स्थित जिला स्टेडियम में 8 से 11 अक्टूबर तक चार दिवसीय 69 वीं जिला स्तरीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक (17 व 19 वर्ष छात्र) विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह नगर सुधार न्यास के पूर्व चेयरमेन हरिराम रणवां, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य विवेक जांगिड़ व प्रभारी खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह की शुभारम्भ मंचस्थ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके किया गया। अतिथियों का माल्यापर्ण एवं स्मृत चिन्ह प्रदान करके सम्मान किया गया। प्रतियोगिता संयोजक डॉ. बलवंत सिंह चिराना ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि एथलेटिक्स की 19 स्पर्धाओं 17 वर्ष आयु वर्ग में 156 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग में 116 विद्यालयों के 1300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा निर्णायक के रूप में प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षकों के द्वारा जिला स्टेडियम स्थित सिन्थेटिक्स एथलेटिक्स टेऋक पर करवाया गया। संस्थान के कोर्डिनेटर अजय पाल सिंह ने बताया कि समारोह में 17 व 19 वर्ष छात्र एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाली टीमों को ट्राफी प्रदान करके सम्मानित किया गया। इससे पूर्व एथलेटिक्स की स्पर्धाओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करते वाले खिलाड़ियों को अतिथियों ने पदक प्रदान करके सम्मानित किया। इस मौके पर संस्थान के सचिव अरूण मित्तल, सत्यवीर सिंह, चयन समिति संयोजक रामनिवास, सदस्य धर्मपाल बगड़िया व शिवराज सिंह शेखावत, शारीरिक शिक्षक मेघा पारीक, कृष्ण कुमार माथुर विनोद सिंह राठौड़ प्रेम दहिया, मनप्रीत सिंह, एथलेटिक्स प्रशिक्षक कैप्टन दुर्जन सिंह शेखावत, कबड्डी प्रशिक्षक रतन सिंह ढ़ाका, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के वरिष्ठ सहायक भगवान सहाय, रोल बॉल प्रशिक्षक नविराज सिंह शेखावत आदि मौजूद थे। यह रहा परिणामजिला स्तरीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रिंस एकेडमी 34 अंकों के साथ प्रथम, स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान, भढ़ाढ़र 30 अंकों के साथ द्वितीय व प्रिंस सीनियर सैकण्डरी स्कूल 26 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार 19 वर्ष आयु वर्ग में प्रिंस सीनियर सैकण्डरी स्कूल 44 अंकों के साथ प्रथम, प्रिंस हायर स्कूल 38 अंकों के साथ द्वितीय व स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान, भढ़ाढ़र 33 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही।

# मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 178 मरीजों की की जांच, 60 मरीजों का निशुल्क होगा आंखों का ऑपरेशन




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** लायंस क्लब सरदारशहर डायमंड व अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर स्वर्गीय कमला देवी धर्मपत्नी प्रेम रतन भोजक की पुण्य स्मृति मे उनके पुत्र संजय, राजीव भोजक पौत्र सुमित, अंकुर पड़पौत्र कनव के स्थानीय सौजन्य से रविवार को अर्जुन क्लब शहरी राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ प्रेम रतन भोजक, राजीव भोजक, रेखा भोजक ने फीता काटकर किया। शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ नील काकड़िया व उनकी टीम ने 178 मरीजों की जांच कर ऑपरेशन हेतु 60 मरीजों को चयन किया। मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया की सभी चयनित 60 मरीजों को बस के द्वारा जयपुर ले जाया गया। सितम्बर माह कैंप के ऑपरेशन किये 86 मरीजों को चश्मे भेंट किये गये। शिविर में 92 मरीजों की बीपी, शुगर की जॉच की व 135 प्रभु जनों को भोजन करवाया गया। इस शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष लायन किशोर भारद्वाज, सचिव लायन सुशील भोजक, अनिल गोयल, आसकरण सोनी, मुबारक तुगलक, घनश्याम बोचीवाल, उमरदीन सैयद, डॉ पूनमचंद भाटी, महेंद्र निर्वाण, राशिद बेहलीम, देवचंद सोनी, सुभाष जांगिड, सागर?मल झेंडू, अंजना भोजक, कैलाश भाटी, प्रभुदत भोजक, फुसाराम स्वामी, सुमन कंवर, गंगाराम सुथार, रमेश भोजक, अशोक भोजक, पवन भोजक, सुनील मिश्र, वैद्य महेन्द्र शर्मा, अयूब ने शिविर के सफल संचालन में सहयोग किया।

# केशवानंद बना फिर एथलेटिक्स में चैंपियन

**सीकर(निसं.)।।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान भढाढर सीकर ने जिला स्टेडियम में चल रही 69वीं जिला स्तरीय अंडर 17/19 छात्र वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर 17 में उपविजेता व अंडर 19 में सैकण्ड रनर अप का खिताब अपने नाम किया। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी महेन्द्र सहारण ने बताया कि कुल 10 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक व 10 कांस्य पदक सहित कुल 29 पदक प्राप्त किये। प्रतियोगिता के 400 व 800 मीटर में विनोद ने स्वर्ण पदक, दर्शन ने 100 मीटर दौड़ में रजत पदक, दीपेश सैनी ने 400 मीटर में स्वर्ण पदक व 800 मीटर में रजत पदक, अंजलि ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक, तनसुख ने शॉट पुट में रजत पदक , प्रिंस बगड़िया ने पैदल चाल में कॉस्य पदक, हेमंत बघेल ने 110 मीटर बाधा दौड़ ने रजत पदक, अमन ने बांस कूद में स्वर्ण पदक व प्रदीप कुमार ने बांस कूद में रजत पदक प्राप्त किया। संस्था निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, कैम्पस हैड राहुल ढाका ने खेल प्रशिक्षक रवि योगी एवं दिल योगी व सभी खिलाड़ियों को बधाईयां प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 13 अक्टूबर को करेंगे सीधे स्वाद

## पुलिस-जनता के बीच तालमेल पर जोर, चुनिंदा थानों में शामिल हुआ उदयपुरवाटी थाना

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 13 अक्टूबर को देशभर के चुनिंदा पुलिस थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे जुड़ेंगे। इस कड़ी में उदयपुरवाटी थाने का चयन किया गया है, जहां केंद्रीय मंत्री सीधे स्थानीय नागरिकों, प्रतिनिधियों और पुलिस सहयोगी समूहों से संवाद करेंगे। यह महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम सुबह



10 बजे शुरू होगा। इसका मुख्य उद्देश्य पुलिस आधुनिकीकरण, आम जनता से जुड़ाव को मजबूत करना और देश में लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति जानना एसपी बृजेश उपाध्याय ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम पुलिस व्यवस्था को आधुनिक बनाने और जनता के साथ सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित है। गृह मंत्री शाह इस दौरान यह समझने का प्रयास करेंगे कि नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद जमीनी स्तर पर क्या बदलाव महसूस हो रहे हैं और पुलिस तथा जनता के बीच सहयोग को कैसे और मजबूत किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, उदयपुरवाटी थाने का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि इसका प्रदर्शन और जनसंपर्क व्यवस्था बेहतर मानी गई है। ये लोग होंगे संवाद में शामिल।

# रींगस में तेज रफ्तार सवारी गाड़ी का कहर, बाइक सवार युवकों के मारी टक्कर, एक की मौत,



## खाटूश्यामजी दर्शन कर लौट रहे थे बाइक सवार

जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** खाटू श्याम जी रोड पर तेज रफ्तार सवारी गाड़ी का कहर देखने को मिला जिसने सामने से आ रही बाइक के जोरदार टक्कर मारी। जिससे बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए जिनमें से एक ने अस्पताल पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ दिया। हेड कांस्टेबल रामस्वरूप बराला ने बताया कि खाटू श्याम जी दर्शन कर लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों के सामने से आ रही सवारी गाड़ी ने टक्कर मारी, जिससे बाइक सवार जयपुर के मुरलीपुरा निवासी 25 वर्षीय राज पुत्र बाबूलाल सैन की मौत हो गई, वहीं साहिल और विजेंद्र का राजकीय उप जिला अस्पताल में इलाज करवाया गया। मृतक के शव का परिजनों के आने पर उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाया गया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को पुलिस थाने पर खड़ा करवाया गया। गौरतलब है कि शनिवार-रविवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते खाटू श्याम जी आने वाले भक्तों का काफी आवागमन रहता है जिससे सवारी गाड़ी चालकों में सवारियों को उठाने की होड़ लगी रहती है जो तेज रफ्तार में वाहनों को दौड़ा कर श्याम भक्तों की जान जोखिम में डालते हैं। जिन पर पुलिस और परिवहन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

# सीएलजी की बैठक का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे के पुलिस स्टेशन पर रविवार को थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में सीएलजी की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में बताया गया कि केंद्रीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को जयपुर में आयोजित होने वाली नवीन अपराधिक कानून पर एक प्रदर्शनी में नवीन कानून के बारे में सीएलजी सदस्य, महिला पुलिस सखीयो, ग्राम रक्षक एवं पुलिस हितकारी लोगों को अवगत कराया जाएगा जिसमें सीएलजी सदस्य, महिला पुलिस सखी, ग्राम रक्षक एवं पुलिस अधिकारी लोगों को भाग लेना हैइस अवसर महिला पुलिस सखी मंजू कुमावत, निर्मल वर्मा, सविता शर्मा, सुभाष जाट, चैतन्य कुमार मीणा, जीएन शर्मा, किशोर यादव, कैलाश

# धोद में माकपा का 24 अक्टूबर से जन जागरण जत्था अभियान

## 30 अक्टूबर को कृषि मंडी में विशाल विरोध सभा का आयोजन

## फसल खराबे, बेरोजगारी व महंगाई से आम जनता बेहाल - सांसद अमराराम

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी, तहसील कमेटी धोद की विस्तारित मीटिंग आज किशन सिंह ढाका स्मृति भवन सीकर में भगवानसिंह बगड़िया व भैरूसिंह रणवां की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग को संबोधित करते हुए पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य व सांसद अमराराम ने कहा कि इस साल अतिवृष्टि से जिले में फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं लेकिन किसानों को अभी तक किसी भी प्रकार की सहायता सरकार द्वारा घोषित नहीं की गई है। उल्टे सरकारी अधिकारी जिले में केवल बीस प्रतिशत फसल खराबा बताकर जले पर नमक छिड़कने की कार्यवाही कर रहे हैं दूसरी तरफ सरकार के मंत्री वाह-वाही लूटने के लिए पच्चास प्रतिशत खराबा बता रहे हैं। अमराराम ने कहा कि सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सीकर में नो दफा आ चुके हैं लेकिन सीकर जिले की जनता की भलाई के लिए एक भी बड़ी योजना आज तक नहीं दे पाए हैं, उल्टा सीकर जिले से संभाग का दर्जा व नीमकाथाना से जिले का दर्जा छीनकर राजस्थान की बीजेपी सरकार ने जिले की जनता से राजनीतिक बदला लेने का काम किया है। अमराराम ने कहा कि सीकर जिले में पेयजल की गंभीर समस्या है जिले की अधिकतर तहसीलों में भूमिगत जल सूख चुका है। इसके लिए जनता जल जीवन मिशन योजना में 8200 करोड रुपए की योजना स्वीकृत हुई है लेकिन राजस्थान सरकार द्वारा अभी तक अपने हिस्से का आधा पैसा जमा नहीं कराने से इस योजना में काम नहीं हुआ है। जिले के एक भी गांव में इस योजना से एक भी घर में आज तक पानी की एक बूंद नहीं आई है। पानी की टंकियां व पाइपलाइन सूखी पड़ी है बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने के चलते अनेक उच्च स्तर के अधिकारी आज जेल में है। सांसद ने कहा कि बेरोजगारी का आलम यह है कि पिछले दिनों चपरासी की भर्ती के लिए 25 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि राजस्थान सरकार किस तरह से प्रदेश के युवाओं का भविष्य बिगाड़ने का काम कर रही है। राजस्थान की स्कूलों में 1.50 लाख से ज्यादा पद वर्तमान में खाली हैं और पिछले 5 साल में जितने भी नई महात्मा गांधी स्कूल व दूसरी स्कूल खुली है उनमें एक भी अध्यापक का पद आज तक स्वीकृत नहीं हुआ है। इसलिए सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए सांप्रदायिक एजेंडे को आगे बढ़ते हुए समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने का काम कर रही है इसी का नतीजा है कि आज राजस्थान में दलित, अल्पसंख्यकों व महिलाओं पर अत्याचार की बाढ़ आ गई है और राजस्थान इस मामले में देश में एक नंबर पर पहुंच गया है। राजस्थान की जनता अपनी एकता से इसका जवाब देगी। सीपीआईएम जिला सचिव व पूर्व विधायक पेमाराम ने मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की जिला कमेटी ने फसल खराबा, बेरोजगारी, महंगाई, स्मार्ट मीटर तथा नानी बीहड़ के गंदे पानी के पानी का सवाल जैसे मुद्दों पर 30 अक्टूबर को कृषि मंडी में विशाल विरोध सभा करने का निर्णय लिया है जिसकी तैयारी के सिलसिले में आज की मीटिंग आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हद तो यह है कि सीकर जिले में अतिवृष्टि से मूंग व मोठ की फसल पूरी तरह खराब हो गई है जबकि बाजरा, गवार व मूंगफली की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है लेकिन जिला प्रशासन नींद में सोया हुआ है। उसकी फसल खराबे का मुआवजा जारी करने, फसलों के क्रॉप कटिंग करने, बीमा क्लेम जारी करने व आदान अनुदान का अटका रुपैया किसानों के खाते में भेजने की कोई चिंता नहीं है इसलिए जिले में पार्टी द्वारा व्यापक जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। माकपा प्रवक्ता बृज सुंदर जांगिड़ ने बताया कि 24 अक्टूबर से गांवो में जन जागरण जत्था निकाला जाएगा जो डेढ़ सौ गांवों में जनसभाओं का आयोजन कर राज्य व केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करेंगे। इन जत्थों का नेतृत्व कॉमरेड पेमाराम, माकपा धोद तहसील सचिव पन्नालाल, मंगल सिंह मांडोता, उस्मान खान व रुडसिंह महला सहित अन्य वरिष्ठ नेता करेंगे। मीटिंग को किसान सभा जिला महासचिव सागर खाचरिया, मंगलसिंह मांडोता, रूड़सिंह महला, उस्मान खां, जनवादी महिला समिति की जिला महामंत्री रेखा जांगिड़, एसएफआई जिला महासचिव राकेश मुवाल, नौजवान सभा के नेता पंकज डोगीवाल सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

## युवा गौड़ ब्राह्मण महासभा झुंझुनू महिला कार्यकारिणी का हुआ विस्तार





जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** गॉड ब्राह्मण महासभा जोधपुर के संरक्षक एचपी गौड़ तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेश गौड़ ने युवा झुंझुनू महिला कार्यकारीणी का विस्तार करते हुए रेखा शर्मा को गॉड ब्राह्मण महासभा महिला इकाई की जिला अध्यक्ष तथा सीता देवी शर्मा को जिला उपाध्यक्ष पर मनोनीत किया, मनोनीत होने पर डॉक्टर एचपी गॉड ,राजेश जी गॉड ,झुंझुनू जिला अध्यक्ष जितेंद्र इंदौरिया ,संरक्षक हरिराम मलसीसर, अमित शर्मा,निरंजन शर्मा,हरीश शर्मा,जयराम दिक्षित, कुलदीप चौमाल, जुगल किशोर शास्त्री अध्यक्ष ,राहुल मिश्रा मंडावा, लक्ष्मीकांत शर्मा, शंभू दयाल जोशी, मनोज सहल बिसाऊ ने उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की तथा कामना की, कि आप अपने कार्यकारीणी का विस्तार कर युवा समाज को आगे समृद्धि और खुशहाली और बढ़ाते हुए समाज सेवा का कार्य करेंगीं।

## काला भैरूंजी मंदिर के सामने सीसी सड़क बनाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के गांधी चौक स्थित पुराने थाने के पास स्थित ऐतिहासिक भैरूंजी के मंदिर को भव्य बनाने की मांग उठी है। पूर्व उप सभापति और भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने कहा है कि यहां पर गंदगी का साम्राज्य है, जिस पर नगरपरिषद को ध्यान देना चाहिए। कुलदीप ने कहा कि पिछले कार्यकाल में यहां पर सीसी सडक बनाने का प्रस्ताव लिया गया था, लेकिन बाद में इसे निरस्त कर दिया गया। इसलिए हमारी मांग है कि नगर परिषद द्वारा यहां पर सीसी सडक का निर्माण करवाया जाए। कुलदीप ने व्यापारियों व आम लोगों से अपील की है कि काला भैरुजी मंदिर को भव्य बनाने के लिए सभी लोगों को सामूहिक रूप से आगे आकर इसके लिए काम करना चाहिए।

## मंडावा में पांचवां राज्य स्तरीय चेस टूर्नामेंट, 23-24 अक्टूबर को होगा आयोजन

### 84 हजार की इनाम राशि, 21 अक्टूबर तक करा सकते हैं आवेदन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** मंडावा चेस क्लब 23 और 24 अक्टूबर 2025 को श्री महाजन पंचायत मंडावा में पांचवें राज्य स्तरीय चेस टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। क्लब के सचिव ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 84,000 रुपये की नकद राशि, तीन ट्राफियां और 100 अन्य उपहार दिए जाएंगे। विभिन्न आयु वर्ग के पुरुष और महिला खिलाड़ियों को भी उनके ग्रेड के अनुसार सम्मानित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंडावा के खिलाड़ियों के लिए प्रवेश शुल्क 300 रुपए, शेखावाटी क्षेत्र के लिए 400 रुपए और अन्य क्षेत्रों के लिए 500 रुपए निर्धारित किया गया है। इच्छुक खिलाड़ी 21 अक्टूबर तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। मंडावा चेस क्लब के संरक्षक ने जानकारी दी कि बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था निशुल्क रहेगी।

## गौपाष्टमी मेले की तैयारियां जोरों पर, बैठक में लिए गए अहम निर्णय

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** पिंजरापोल गौशाला एवं गौसंवर्धन नंदीशाला के संयुक्त तत्वावधान में आगामी गौपाष्टमी मेले के आयोजन को लेकर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाबूलाल चिराणिया ने की, जबकि मंत्री सुशील कुमार जाजोदिया, गौसंवर्धन अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, उपाध्यक्ष पवन बूटोलिया, कोषाध्यक्ष ललित भूत, श्याम सुंदर



खादुवाला, छगनलाल शास्त्री, विमल चिराणिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि गौ पूजन 30 अक्टूबर की शाम को होगा, जिसमें संत चन्द्रमा दास महाराज (पालवास) और शिवराज जाति महाराज (भोजासर) का सान्निध्य रहेगा। गौ पूजन के उपरांत अतिथि सम्मान, कार्मिक सेवा सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डांडिया नृत्य के लिए सात स्कूलों को आमंत्रित किया जाएगा। प्रत्येक टीम को 20 मिनट का समय मिलेगा और निर्णायकों का निर्णय अंतिम माना जाएगा। प्रथम पुरस्कार 7100 रुपए, द्वितीय 5100 रूपये, तृतीय 4100 रुपए तथा अन्य टीमों को सांत्वना पुरस्कार 3100 रुपए दिए जाएंगे। प्रत्येक टीम में अधिकतम 15 प्रतिभागी हो सकेंगे। प्रतिभागियों के भोजन की व्यवस्था गौशाला में की जाएगी।पिछले वर्षों की तरह इस बार भी मेले में झूले, चाट के स्टॉल और अप्पू आदि की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गौमाता के दर्शन व पूजन कर पुण्यार्जन का लाभ लेने की अपील की है।

# विश्व बालिका दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभा उत्सव का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ़(निसं.)** श्री गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वाधान में महिला मण्डल द्वारा श्री परशुराम अतिथि भवन सूर्य सिनेमा हॉल के पास स्थित भवन में 12 अक्टूबर 2025 को विश्व बालिका दिवस के उपलक्ष्य में सर्व ब्राह्मण बालिकाओं के लिए प्रतिभा उत्सव का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान श्री परशुराम के जयकारे के साथ किया द्य जिसमें शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर परिणीता दत्ता, द्वितीय स्थान पर सौम्या धरेन्द्र, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साक्षी भारद्वाज द्वितीय निहारिका उपाध्यक्ष, तृतीय पूनम शर्मा, गीता श्लोक में प्रथम हिमिका नौहाल द्वितीय खुशहाली शर्मा, तृतीय हिमाक्षी शर्मा, क्विज प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग प्रथम चंचल चौमाल द्वितीय साक्षी भारद्वाज जूनियर वर्ग में मिहिका शर्मा द्वितीय हिमाक्षी शर्मा, राजस्थानी वेशभूषा में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान कार्वी ओर गरिमा शर्मा, द्वितीय स्थान दृष्टि शर्मा जूनियर वर्ग में प्रथम पूर्वी महर्षि द्वितीय साक्षी शर्मा, तृतीय में तनिष्का चोमल, आशु भाषण में प्रथम सलोनी शर्मा द्वितीय निकिता तृतीय स्थान पर जाह्नवी शर्मा विजेता रहे । समिति अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रायत ने बताया कि समिति द्वारा समय समय पर सामाजिक , शैक्षिक व सशैक्षिक कार्यक्रम होने चाहिए जिससे भारतीय संस्कृति की परम्परा की झलक देखने को मिले । महिला मण्डल अध्यक्ष यशोदा शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज की बालिकाओं ने बड़े उत्साह के बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया व अभिभावकगणों का भरपूर सहयोग मिला। आयुर्वेद चिकित्सक लीलाधर लाटा ने बताया कि महिला एवं बालिका उत्थान के लिए सरकार भी प्रतिबद्ध है द्य बालिका दिवस पर सर्व ब्राह्मण बालिकाओं के लिए प्रतिभा उत्सव मनाया जाना एक गौरवपूर्ण बात है ऐसे कार्यक्रमो से सामाजिक जागरूकता व विकास के नए आयाम स्थापित हो सकते हैं। युवक संघ अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा ने सभी आगंतुओं एवं कार्यक्रम में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगार्थियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर राधा शर्मा, अनम भारद्वाज, पूनम गौड़, डॉ उर्मिला शर्मा ,अर्चना शर्मा भानुप्रिया, कुसुम शर्मा, मधु शर्मा , रचना इंदौरिया, संगीता इंदौरिया, बेबी पचलगिया, कविता शर्मा , पुष्पा शर्मा, डॉ. मृदुला इंदौरिया,शारदा, प्रीति शर्मा , कविता ताम्रायत एवं सैकड़ो महिलाएं एवं समिति मंत्री सुरेन्द्र हारित, कोषाध्यक्ष हरिप्रसाद बुटोलिया, सहकोषाध्यक्ष मनोहरलाल चौमाल, रामोतार शर्मा,वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, वासुदेव चाकलान, निलेश इंदौरिया, काशीराम सांखोलिया अरविंद घाघसान, पवन पचलंगिया,अरविंद महर्षि, युवक संघ सचिव मनोज चौमाल , डॉ ओम प्रकाश महर्षि, वैद्य ओम प्रकाश बबेरवाल सहित समाज के गणमान्य सदस्य मौजूद रहे द्य कार्यक्रम संयोजक रवि प्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया ।

## विधायक विक्रम सिंह जाखल के नेतृत्व में विधानसभा के हजारों भाजपा कार्यकर्ता के साथ पहुंचे मंड्रेला कार्यक्रम मे

### एक अनोखी मिशाल पेश की , एक और मुख्यमंत्री संबोधन दे रहे थे विधायक जाखल अपने लोगों के बीच मे बैठे रहे



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ के भारतीय जनता पार्टी कार्यलय से विधायक जाखल के नेतृत्व मे मंड्रेला में 1100 करोड़ की योजना का शिलान्यास, भजनलाल के कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओ के साथ पहुंचे और एक अनोखी मिसाल पेश की सेकड़ों गाड़ियों के काफिले से मंड्रेला पहुंचे और जब एक और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संबोधन दे रहे थे तब विधायक जाखल अपने लोगों के बीच मे बैठे रहे भीड़ मे बैठे रहे जब कार्यकर्ताओ ने बोला की आप हमारे आप भी हमारे बीच बैठेंगे तो जाखल ने कहा मे विधायक बाद मे पहले आप सभी का सहयोगी हूं पूरा कार्यक्रम विधानसभा के कार्यकर्ताओ के बीच बेठकर देखा कार्यक्रम मे विक्रम सिंह जाखल विधायक नवलगढ़,गौतम खंडेलवाल मंडल अध्यक्ष , नवलगढ़ नगरपालिका चैयरमेन राजकुमार सैनी ,जगमोहन सरपंच लोहार्गल ,राजेंद्र सैनी सरपंच बागोरिया की ढाणी,आनंद बुगालिया सरपंच, महिपाल रुलानिया कारी ,नरेंद्र पुनिया मंडल अध्यक्ष डुमरा,बीरबल गोदारा जिला परिषद सदस्य, धर्मेंद्र मेघवाल मंडल अध्यक्ष कारी ,किशन गुर्जर मंडल अध्यक्ष लोहार्गल,मदन बारवा सरपंच प्रतिनिधि मोहनवाड़ी, दलीप भोजनगर ,करनीराम सरपंच परसरामपुरा,अजय सिंह शेखावत पूर्व सरपंच ,पूर्व चैयरमेन शोयब खत्री ,अर्जुन सरपंच गोठड़ा,मेजर जयराम कुमावास प.स.स ,जयवीर कुमावास उपसरपंच ,नरेश सैनी सब्जी मंडी अध्यक्ष ,फुलचंद सैनी नवलगढ़,मोहन लाल सैनी,सुनील कुमार सामरा पूर्व विधानसभा संयोजक ,सुरेश सैनी एडवोकेट ,हितेश थोरी भाजपा पार्षद ,जयंती जी भील भाजपा पार्षद ,मक्खन लाल सैनी सैनी समाज अध्यक्ष ,ख्यालीराम राम सैनी पूर्व चेयरमैन नवलगढ़,कपिल शर्मा मंडल अध्यक्ष मुकुंदगढ़ ,प्रेम गुर्जर मुकुंदगढ़ ,भास्कर दुलड़ मुकुंदगढ़ ,रामकुमार सैनी मुकुंदगढ़ ,सुभाष लाम्बा चेलासी सरपंच,बुधराम डुमरा सरपंच ,पिंटू धाभाई ढीगाल ,राम निवास जी डूडी जिला अध्यक्ष सैनिक कल्याण , हेमंत शेखावत घोड़ीवारा खुर्द ,धीर मांडासी ,दिनेश एचरा जेजुसर ,संजीव जेजुसर ,सुनील गोरा सोटवारा आदि मोजूद हुए ।

## विधायक जाखल है धरातल से जुड़े नेताओ मे से एक काफिले को रोक कर पहुंचे गोलगप्पे का स्वाद लेने

### पोदर कॉलेज के कार्यक्रम को समापन के बाद आगे कार्यक्रम मे जा रहे थे तो रुकाई सभी गाड़ी को और गोलगप्पे की रेहड़ी पर पहुंचे




जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ मे पोदार कॉलेज का कार्यक्रम को समापन करके विधायक विक्रम सिंह जाखल अगले कार्यक्रम के लिए जा रहे थे बीच मे ही उसी मार्ग पर पोदार कॉलेज के पास सनातनी गोलगप्पे वाला वार्ड नंबर 4 मुरारका चैरिटेबल ट्रस्ट के पास स्तिथ गोलगप्पे की रेहड़ी पर पहुँचे विधायक जाखल और सभी साथियों को नरेश कूमार के गोलगप्पे के स्वाद के बारे मे बताया इनका स्वाद अलग ही है मे जब भी शहर के कार्यक्रम मे शामिल होता हूं। तब शहर के स्वादिष्ट व्यंजन जरूर खाता हूं। और हमारे इस बाबा रामसापीर की नगरी में एक से बढ़कर एक अदभुत व्यंजन बनते हैं। शेखावाटी में प्रसिद्ध नवलगढ है। नरेश कु मार आश्चर्य चकित रह गए विधायक का आभार किया । नरेश ने कहा की आप जब भी आते हो तो हमारे बारे मे पूछते हो आपका इस प्रकार आना बहुत ही अलग दर्शय दर्शाता है ऐसा लगता है बड़ा भाई आया हो नरेश ने कहा आप सच मे लोगों के दिलों मे इस लिए बसते हो क्योंकी आप धरातल से जुड़े विधायक हो आप आएं और हमारी समस्या भी सुनी उसके लिए आभार आपका इसमे विधायक विक्रम सिंह जाखल, आर. सी शर्मा, सरपंच जगमोहन सिंह, एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मोजूद रहे ।

## यादव समाज प्रतिभा सम्मान एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह 19 अक्टूबर (रविवार) को

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़.** श्री कृष्ण विकास समिति श्रीमाधोपुर के तत्वाधान में 19 अक्टूबर (रविवार) को यादव प्रतिभा एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह अजीतगढ़ क्षेत्र के हरदासकाबास सड़क मार्ग पर स्थित बड़ पिपली स्टैंड मोडियाडी पर सुबह 10.15 बजे से आयोजित होगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हृदय रोग डॉक्टर रामगोपाल यादव होंगे, साथ ही समारोह की अध्यक्षता अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव करेंगे एवम सरक्षक से.नि प्रधानाचार्य सीताराम यादव होंगे, साथ ही करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा विशिष्ट अतिथि होंगे। आयोजक श्री कृष्ण विकास समिति ने बताया कि समारोह मे सत्र 2024, 25 मे कक्षा 10,12 व प्रवेशिका, वरिष्ठ उपाध्याय 85प्रतिशत एवम स्नातक एवं स्नातकोत्तर मे 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, वर्ष 2025 में आईआईटी,नीट, आईआईएम, सीएलएटी, जेआर एफ,एनडीए व सीए मे चयनित, विगत 1 वर्ष में नवनियुक्त, उत्कृष्ट कार्य करने वाले, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं अधिकारी, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद, एनसीसी, स्काउट प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालो को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सम्मानित होने वाले प्रतिभाएं अपने अभिभावकों के साथ स्वयं उपस्थित होंवे, सभी पात्र अपनी अंक तालिकाएं एवं चयन प्रमाण पत्र 15 अक्टूबर तक अपने ग्राम प्रभारी एवं कार्यालय लिसाडिया मे जमा करा दे।

## जयसंगसर गांव के पास स्थित होटल मालिक पर हमला व गाड़ियों के साथ की तोड़फोड़, घटना का सीसीटीवी फुटेज भी आया सामने

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के गांव जयसंगसर के पास स्थित एक होटल मालिक के साथ मारपीट करने और होटल के बाहर खड़ी गाड़ियों पर तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। घटना होटल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना को लेकर होटल मालिक रुपाराम की ओर से सरदारशहर पुलिस थाने में मामला भी दर्ज करवाया गया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि होटल मालिक 58 वर्षीय रुपाराम जाट ने मामला दर्ज करवाया है कि मेरा जयसंगसर गांव के पास तारानगर रोड पर एक होटल है। 10 अक्टूबर की रात्रि 12 बजे मेरे पास होटल पर काम करने वाले लड़के सुभाष के मोबाइल नंबर पर आशीष नाम के व्यक्ति का फोन आया कि तुम्हारा होटल अच्छा चल रहा है या तो होटल हमें किराए पर दे दो या फिर अपनी कमाई में से हिस्सेदार बना लो वरना तुम्हारा होटल बंद करवा देंगे। जिस पर सुभाष ने मुझे इसकी सूचना दी तो मैंने कहा कि हम इस बात की जानकारी पुलिस थाने में देंगे। उसके बाद 10 और 11 अक्टूबर की मध्य रात्रि सवा 1 बजे एक कार, एक कैंपर गाड़ी व पिकअप में सवार होकर रावतसर निवासी आशीष सिहाग, सूरतगढ़ निवासी मुकेश जाट, चूरू निवासी सुनील मेघवाल और बीकानेर का गैंगस्टर बलिया व डायमंड होटल में काम करने वाला एक व्यक्ति तथा 10 अन्य व्यक्ति एक राय होकर जानलेवा हमले की पूर्व तैयारी के साथ लोहे के पाइप से लेस होकर नाजायज रूप से होटल में घुस गए और गालियां निकालते हुए मेरे साथ मारपीट की जिससे मेरा हाथ टूट गया। मेरे होटल के बाहर खड़ी कार पिकअप और कैंपर को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया और धमकी दी की दो दिन में 7 लाख रुपए की व्यवस्था कर दो या होटल हमें किराए पर होटल दे देना वरना आज तो सिर्फ तोड़फोड़ व मारपीट की है। इस बार तुम लोगों को जान से खत्म कर देंगे। घटना होटल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने कहा कि अब तक के अनुसंधान में रंगदारी मांगने जैसा कोई मामला सामने नहीं आया है। दोनों तरफ की गाड़ियों में तोड़फोड़ हुई है। मामले की जांच जारी है।

## रेलवे स्टेशन पर चलाया सफाई अभियान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्वच्छ स्टेशन अभियान के कॉर्डिनेटर जोधपुर मंडल सहायक परिचालन प्रबंधक उमराव मीणा, यातायात निरीक्षक डेगाना श्रवणकुमार के साथ रविवार को सुजानगढ़ रेल्वे स्टेशन पर पहुंचे। जहां उन्होंने स्वच्छता साफ सफाई का निरीक्षण किया तथा स्टेशन अधीक्षक प्रहलाद मीणा व रेल कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के साथ श्रमदान करते हुए स्टेशन पर झाड़ू लगाया और रेल्वे ट्रैक, रेल परिसर की साफ सफाई की । मंडल एओएम उमराव मीणा ने बताया कि जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के निर्देशानुसार में संचालित क्लीन स्टेशन प्रोग्राम के अंतर्गत सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन पर सफाई अभियान चलाया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसरों को स्वच्छ, आकर्षक एवं यात्रियों के लिए बेहतर अनुभव प्रदान करना है। सफाई अभियान के दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, रेल्वे ट्रैक एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई की गई। इस अवसर पर टी आई श्रवण कुमार ने यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने आसपास सफाई बनाए रखने का संदेश दिया। इस अभियान में मुख्य रेल्वे बुकिंग पर्यवेक्षक धनसिंह नरूका सहित अनेक रेल कर्मचारी साथ रहे ।

## चौधरी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा 18 को

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** पूर्व पीसीसी चीफ व पूर्व मंत्री स्व. रामनारायण चौधरी की 13 वीं पुण्यतिथि , आगामी 18 अक्टूबर को सुबह आठ से दोपहर सवा 11 बजे तक झुंझुनूं स्थित विद्यार्थी भवन ( जाट बोडिंग ) में श्रद्धांजलि - सभा का आयोजन किया गया है । मण्डावा विधायक रीटा चौधरी ने मण्डावा क्षेत्र कि जनता से अपील की है की वे आयोजित कार्यक्रम में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करें ।

## मरुधर रेस्टोरेंट एवं निधि ट्रांसफार्मर का हुआ शुभारंभ

### भोजन में ले पौष्टिक युक्त आहार सुरेन्द्र सैनी फूलवाला



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ कस्बे के बदराणा जोहड़ के पास में स्थित मरुधर रेस्टोरेंट एवं निधि ट्रांसफार्मर का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ चेतननाथ महाराज के सानिध्य में मरुधर रेस्टोरेंट एवं निधि ट्रांसफार्मर का शुभारंभ हुआ। प्रॉपराइटर महेश सैनी व राहुल सैनी को बधाई देते हुए पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी फूलवाला ने कहा कि हम सबको भोजन में पौष्टिक युक्त आहार लेना चाहिए। जिससे शरीर स्वस्थ व ऊर्जावान रहे। इस दौरान पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी फूलवाला, शिक्षाविद सवाई सिंह जगुका, जिला परिषद सदस्य बिरबल सिंह गोदारा, पूर्व सहायक अभियन्ता हरिराम सैनी, पार्षद सुरेश सैनी, किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहनलाल चूड़ीवाला, पुर्व सहायक अभियंता भँवर लाल जांगीड़, ज्वाला प्रसाद सैनी, सुभाष चंद सैनी, नेहा सैनी, रतनी देवी, परमेश्वरी देवी, संगीता देवी, रोहित सैनी, निधि कुमारी, पूरनमल सैनी, वैभव सैनी, अर्जुनलाल सैनी, महेंद्र सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे। प्रोपराइटर महेश सैनी ने पुष्प माला पहनाकर चेतननाथ महाराज व अतिथियों का स्वागत किया। राहुल सैनी ने कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों का आभार जताया। राहुल सैनी ने बताया कि हमारे मरुधर रेस्टोरेंट पर खाने व नास्ते की हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शुद्धता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

## अमृता हॉट में हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

### विख्यात कवियों ने किया काव्य पाठ

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** जिला मुख्यालय के शहीद परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड में चल रहे अमृता हाट में शनिवार को कवि सम्मेलन के दौरान विख्यात कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कवि सम्मेलन में केशरदेव मारवाड़ी, डॉ शुभम त्यागी, हरीश हिंदुस्तानी, जिला जनसंपर्क



अधिकारी हिमांशु सिंह इस्लामपुर के हनान ने अपनी रचनाएं पेश की। कवि सम्मेलन में अतिथि के रूप पर जय पब्लिक स्कूल के निदेशक उमेश कस्बा, कमलकांत शर्मा, प्यारेलाल ढकिया,एग्रीकल्चर के डिप्टी डायरेक्टर शीशराम जाखड़, हनुमानगढ़ आईसीडीएस की डिप्टी डायरेक्टर ज्योति रेपसवाल, चूरू के एडिशनल डायरेक्टर राजेंद्र, अमिता गेट, राजकुमार बेर, पूजा कस्वा, उषा कुलहरी, मनोज स्वामी, गोविंद सैनी, सुनीता सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इससे पहले शनिवार को दोपहर में तीन टांग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें संगीता लक्ष्मी प्रथम, शिवानी सिमरन सेकंड, पपीता सरिता तृतीय स्थान पर रही। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला ने बताया कि रविवार को दोपहर में रस्साकस्सी प्रतियोगिता तथा शाम को अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# गेहूं की तरह आपका सिस्टम सड़ा है क्या? 20 दिनों से काम क्यों रुका है: राजेंद्र नायक

## कमेटी, परमिशन के चक्कर में उलझा बदबूदार गेहूं की निकासी का काम, आम जनता बदबू से हो रही परेशान

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ की एफसीआई गोदाम पहुंचकर लोगों के स्वास्थ्य के मध्य नजर अनुजा वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने अधिकारियों की मीटिंग ली। इस दौरान नायक ने अधिकारियों से कहा कि 20 दिनों से कमेटी ओर रिपोर्ट के चक्कर में सडा हुआ गेहूं यथास्थिति में पड़ा है और जनता बदबू से परेशान है। ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। नायक ने कहा कि साफ और सुरक्षित गेहूं की निकासी हुए 20 दिन का समय बीत गया है। उसके बाद कमेटी भी आकर मामले की जांच कर चुकी है। लेकिन फिर भी सड़ा हुआ गेहूं क्यों नहीं उठाया जा रहा। जिस पर एफसीआई के स्थानीय अधिकारी रियाज अहमद ने कहा कि कमेटी रिपोर्ट हुई है और आगे से परमिशन आने पर ही काम होगा। जिस पर नायक ने कहा कि कमेटी और नियमों के चक्कर में जनता को परेशान नहीं किया जा सकता। यह जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मामला है। जिस पर एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि एफसीआई के उच्च अधिकारी गंभीर नहीं है। क्योंकि यह लोग कमेटी, परमिशन के चक्कर में जनता को हो रही परेशानी को नजरअंदाज कर रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि अगर एफसीआई के उच्च अधिकारियों की यही स्थिति रही तो, ये लोग एक महीना और लगा देंगे। जिस पर राजेंद्र नायक ने एफसीआई के उच्च अधिकारियों से फोन पर कहा कि नियमों की बजाय मानवता को ध्यान में रखकर ये गेहूं फटाफट यहां से निस्तारित किया जावे। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों को यह समझना चाहिए कि यह सारा काम दो-तीन दिनों में ही कंप्लीट किया जाना आवश्यक है। वहीं अधिकारियों की मीटिंग के बाद राजेंद्र नायक खुद कीचड़ में उतरे और गोदाम की तरफ गए व सड़े हुए गेहूं का जायजा लिया। वहीं मजदूरों से मिले राजेंद्र नायक से मजदूरी बढ़ाने की मांग रखी गई। मजदूर राजू व अन्य लोगों ने बताया कि उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं होता। मजदूरों ने बताया कि यहां पर इतनी विकट स्थितियों में काम करने के लिए कम से कम एक हजार रुपए प्रतिदिन की मजदूरी आवश्यक है। जिस पर आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने कहा कि आप मुझे लिखित में आवेदन दीजिए, मैं आगे बात करूंगा। इस दौरान एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर, लीलाधर शर्मा, हंसराज नायक आदि भी मौजूद रहे।

## दीपावली पर्व को लेकर दीपक डेकोरेशन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निसं.)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हुक्मा की ढाणी दांता में दीपावली अवकाश के पूर्व दिवस पर विद्यार्थियों के बीच पूजा थाली सजावट कलश डेकोरेशन व दीपक डेकोरेशन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया प्रतियोगिता कक्षा 1 से 5 व 6 से 8 के लिए अलग-अलग आयोजित हुई । कक्षा 1 से 5 समूह में थाली डेकोरेशन में प्रथम स्थान प्रदीप कुमावत ने व द्वितीय स्थान परी कुमावत ने प्राप्त किया। कलश डेकोरेशन में प्रथमस्थान प्रदीप कुमावत ने व द्वितीय स्थान खुशबू ने प्राप्त किया दीपक डेकोरेशन में प्रथम स्थान मीनाक्षी कुमावत ने व द्वितीय स्थान मोनिका ने प्राप्त किया । कक्षा 6 से 8 समूह में थाली डेकोरेशन में प्रथम स्थान मोनिका वर्मा व द्वितीय स्थान जीविका ने प्राप्त किया कलश डेकोरेशन में प्रथम स्थान नीतू ने व द्वितीय स्थान रिंकू ने प्राप्त किया दीपक डेकोरेशन में प्रथम स्थान माया व रितिका ने व द्वितीय स्थान उषा ने प्राप्त किया सभी विजेताओं को विद्यालय के वार्षिक उत्सव में सम्मानित किया जाएगा इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका कंचन असवाल अध्यापक राजेश कुमार अग्रवाल अनुज पारीक छीगन लाल रैगर शारीरिक शिक्षक भीमसिंह मीणा अध्यापिका आशा चंदेलिया सरिता वर्मा बिट्ठल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पी एम श्री विद्यालय दांता मे संप्रेषण कौशल एवं वीर गाथा कार्यक्रम का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निसं.)।** दांता के पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बच्चों द्वारा संप्रेषण कौशल एवं वीर गाथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । पंचायत शिक्षक रामावतार दीक्षित ने बताया कि संप्रेषण कौशल प्रभारी व्याख्याता राजेंद्र कुमार ने 40 बच्चों के चार ग्रुप बनाकर प्रतियोगिता कराई एवं विजेता ग्रुप को पारितोषित प्रदान किए। साथ ही वीर गाथा कार्यक्रम प्रभारी सीता नायक ने ऐतिहासिक वीरों की चित्रकारी प्रतियोगिता कराई जिसमें राजेश गर्वा प्रथम, अलवीरा द्वितीय व गायत्री तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद और रामगोपाल वर्मा एवं उप प्रधानाचार्य गंगदयाल मीणा और विजेन्द्र शर्मा द्वारा विजेता को पारितोषित प्रदान किए गए । इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## जन्मदिन पर गौशाला में गायों को खिलाया गुड़-चारा

### रानोली में 100 से अधिक घायल गायों का कर चुके हैं इलाज



जयपुर टाइम्स

**रानोली(निसं.)** कस्बे में दिनेश सिंह शेखावत ने अपना जन्मदिन एक अनोखे और प्रेरणादायी अंदाज में मनाया। उन्होंने इस खास दिन को सामाजिक सेवा और धार्मिक कार्यों को समर्पित करते हुए समाज के लिए एक मिसाल कायम की। इस अवसर पर उन्होंने शिश्यु गौशाला में गायों को गुड़ और चारा खिलाकर अपना जन्मदिवस मनाया। दिनेश सिंह शेखावत रानोली राष्ट्रीय राजमार्ग और आसपास के कई क्षेत्रों में गौ सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। वे अब तक हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त और बीमार सौ से अधिक गायों व नंदियों को बचा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वे और उनके साथी बेजुबान जानवरों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। शेखावत ने कहा, "लोग अपने जन्मदिन पर रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ उत्सव मनाते हैं, लेकिन मैंने बेजुबान जानवरों की सेवा को प्राथमिकता दी। यह मेरे लिए सबसे सुखद अनुभव है।" इस अवसर पर दिनेश सिंह शेखावत ने लोगों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन को सामाजिक कार्यों और जरूरतमंदों की मदद के लिए समर्पित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जरूरतमंदों और बेजुबान जानवरों की सेवा से जो सुकून मिलता है, वह किसी अन्य उत्सव से कहीं अधिक मूल्यवान है। इस आयोजन में दिनेश सिंह के साथ अभी गुर्जर, विजेश, सुभाष, विकास, रोहिताश, संतोष गुर्जर, दिनेश, धर्मवीर, कृष्ण और आलोक सहित सैकड़ों समर्थक भी शामिल हुए।

## स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कोतवाली पुलिस ने स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली सीआई बेगाराम मीना ने बताया कि लाडनूं निवासी आरोपी न्यामत अली उर्फ मो. सराज पुत्र मो. सलीम को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने बताया कि आरोपी को सुरपालिया बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया है।

## थांको ब्याव होगा के राजस्थानी फ़िल्म के पोस्टर का दांता के श्री उदय गोपाल जी मंदिर में हुआ विमोचन

जयपुर टाइम्स



**दांतारामगढ़(निसं.)।** गुलाबी नगरी फिल्म्स के बैनर तले बनाई गई राजस्थानी फिल्म 'थाको ब्याव होगा के' का पोस्टर विमोचन दांता के श्री उदय गोपाल जी मंदिर में हुआ । कार्यक्रम में पद्म श्री सुंडाराम कुमावत, निवर्तमान नगरपालिका उपाध्यक्ष कैलाश कुमावत, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुरेश शर्मा, गोपाल गौशाला मंत्री मुलचंद कुमावत, सुरेश बजाड़, महिला प्रकोष्ठ से अनिता किरोड़िवाल, सुखी देवी, सुरभि शर्मा सहित पत्रकार हैमंत कुमावत, लिखा सिंह सैनी, प्रदीप सैनी, गिरधारी लाल सौनी, रमेश प्रजापत, सुरेश नेमीवाल, अर्जुन मुंडोतिया, जयकिशन कुमावत, तथा मंदिर कमेटी सदस्यों में नटवरलाल शर्मा,व फिल्म अभिनेता क्षितिज कुमार के परिवार सहित गणमान्य लोगो की उपस्थिति में पोस्टर का विमोचन हुआ। जानकारी के अनुसार इस फिल्म के लेखक व निर्देशक क्षितिज कुमार हैं। कलाकारों में स्वयं क्षितिज कुमार के साथ नम्रता राठौड़, मुस्कान, विजया राजस्थानी, शंकर पुरोहित के साथ-साथ मीनाक्षी शर्मा व एमडी सोनी भी उपस्थित रहे। फ़िल्म में संगीत राधेश्याम का है वही कैमरा बलजीत गोस्वामी और ओमी का है। इस दौरान राजस्थानी फिल्म अभिनेता क्षितिज कुमार ने कहा कि फिल्म थांको ब्याव होग कै बारे में बताया कि यह फिल्म जल्दी ही रीलिज होगी। यह कोमेडी, पारिवारिक, ग्रामीण परिवेश में है जो दर्शकों को बहुत पसंद आयेगी खासकर महिलाओं को खुब पसंद आयेगी। अपने गांव के बारे में बताते हुए कहा कि यह मेरा जन्म स्थान है जो मुझे बहुत ही प्यारा लगता है यहां के पहाड़, जगह, धार्मिक स्थल बहुत ही सुन्दर है उन्होंने कहा कि चाहे मै विश्व में घुम के आ जाऊं लेकिन मेरा गांव दांता, दांता ही है। वहीं उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा में शब्द के साथ भाव है राजस्थानी भाषा में, राजस्थानी वो भाषा है जो शब्द में बोली जाती है लेकिन भाव पहले आता है, यह अपनी मायड़ भाषा है जहां सबसे ज्यादा वीर है, सुंदर सुंदर जगह, पहाड़, पशु पक्षी है, इस भाषा को मान्यता मिलनी चाहिए।

## लैब टेक्नीशियन संवर्ग कार्मिक करेंगे निदेशक का घेराव

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल राजस्थान लेबोरेटरी टेक्नीशियन कर्मचारी संघ निदेशालय एवं चिकित्सा शिक्षा के संयुक्त मंच के अधीन राजस्थान के विभिन्न जिलों में कार्यरत लैब टेक्नीशियन संवर्ग के नियमित एवं संविदा, निविदा कार्मिक पदनाम संशोधन की अधिसूचना जारी करने, ग्रेड पे 4200 (लेवल 11), विशेष वेतन, मैस भत्ते में बढ़ोतरी, स्टाफिंग पैटर्न में संशोधन, जांच कार्य के निजीकरण के लिए निजी फर्मों के साथ किए गए एम ओ यू को निरस्त करने एवं सरकारी चिकित्सा संस्थानों में रिक्त पड़े लैब टेक्नीशियन के पदों पर मेरिट के आधार पर अतिशीघ नियमित भर्ती करने सहित 18 सूत्रीय मांगों पर कार्यवाही के लिए संघर्षरत है। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष श्रीकांत शर्मा एवं प्रदेश संयोजक बजरंग कुमार सोनी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के लिखित निर्देशों पर संगठन की 15 मई 25 को निदेशालय स्तर की वार्ता हुई। लेकिन 5 माह बीत जाने के बावजूद निदेशक (अराजपत्रित) द्वारा आज दिनांक तक संवर्ग की मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। संवर्ग के पदनाम संशोधन की मंजूरी 21 अगस्त 2023 को दी जा चुकी थी, लेकिन 2 वर्ष पश्चात भी अधिसूचना जारी नहीं हुई। जिलाध्यक्ष राजेश गौड़ ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार संवर्ग के पदोन्नति पदों पर प्रतिवर्ष 2 बार डी पी सी की जानी अनिवार्य है। लेकिन 2 वर्ष में एक बार भी नियमित पदोन्नति नहीं की जा रही है। बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में घोषित की गई पैरामेडिकल संवर्ग की नियमित भर्ती की विज्ञप्ति अभी तक नहीं निकली है एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जांच कार्य का निजीकरण करते हुए निजी फर्मों के साथ एम ओ यू कर दिया। संवर्ग की मांगों की अनदेखी के कारण समस्त कार्मिक आक्रोशित हैं एवं जयपुर में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयानुसार 14 अक्टूबर को स्वास्थ्य भवन जयपुर में निदेशक अराजपत्रित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य का घेराव किया जाएगा एवं अपनी समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे।

## खुशियों की दिवाली कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** धूम धड़ाका चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा खुशियों की दिवाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के सेटलर ट्रस्टी बसंत बोरड़ ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से लगातार ट्रस्ट द्वारा आम जनता के सहयोग से खुशियों की दिवाली का आयोजन किया जाता है, जिसमें बच्चों के साथ दिवाली का त्यौहार मनाया जाता है। कार्यक्रम की संयोजिका नेहा पारीक ने बताया कि इस बार फाटक नंबर 3 के पास स्थित बजाज स्कूल में बच्चों के साथ खुशियों की दिवाली मनाई गई। नेहा ने बताया कि हर साल इस कार्यक्रम का इंतजार टीम के हर सदस्य को रहता है क्योंकि इस कार्यक्रम के द्वारा हमारा बच्चों से भावनात्मक रूप से लगाव जुड़ता है। ट्रस्ट की दीपिका शर्मा ने बताया कि खुशियों के डब्बे में इस बार मिठाई, फटाखे, ग्यारह दीपक, रुई, तेल और स्टेशनरी का सामान दिया गया। बजाज स्कूल के प्रधानाचार्या भावना ने ट्रस्ट के सदस्यों की तारीफ करते हुए बताया कि ट्रस्ट द्वारा पहले भी विद्यालय के बच्चों को सामग्री का वितरण किया गया था। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के सदस्यों के आने के नाम से ही बच्चों के चेहरों पर रौनक आ गई और आज के दिन का इंतजार हर कोई कर रहा था, क्योंकि हर बार धूम धड़ाका कुछ ना कुछ अच्छा करने का प्रयास करता है।
कार्यक्रम में आई राजकुमारी भूतोडिया ने बताया कि पहली बार ट्रस्ट के किसी कार्यक्रम में हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर आंखे नम हो गई। बच्चों के चेहरों पर स्माइल देखना बड़ा ही सुखद था।
कार्यक्रम की व्यवस्था सीमा बोरड़, रानी जैन, मोनिका गोलछा, रीमा, अभिषेक भंसाली, नितिन बोरड़, विनय माली और देवेंद्र मालू ने संभाली।

## कुमावत समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ आयोजित

### 130 प्रतिभाओ एवं डेढ़ सौ भामाशाह एवं अतिथियों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती खोजी पीठ त्रिवेणी धाम के ब्रह्मलीन संत नारायणदास महाराज की कृपा एवं संत रामरिछपाल दास महाराज के सानिध्य में श्री क्षत्रिय कुमावत समाज सामूहिक विवाह एवं विकास समिति त्रिवेणी धाम के तत्वाधान में खोजीपीठ त्रिवेणी धाम में रविवार को कुमावत समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें करीब 130 प्रतिभाओं एवं करीब 150 भामाशाह एवं अतिथियों का सम्मान किया गया। जानकारी के अनुसार समारोह के पहले श्री गणेश जी एवं सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इसके बाद अतिथियों का साफा माला पहनाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष सुभाष कोलूकरिया ने बताया कि समारोह मे समाज के करीब 130 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्रतिभाओं को मोमेंट, प्रशन्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के करीब डेढ़ सौ भामाशाह एवं अतिथियों का भी सम्मान किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि फुलेरा के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने कहा की समाज की प्रतिभाओं का हौसला बढ़ाने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए एवं समाज का नाम रोशन करने वालों का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने उपस्थित प्रतिभाओ से कहा कि वे मन लगाकर अध्ययन कर और भी ऊंचे अंक प्राप्त करें ताकी ऊंची सरकारी नौकरी मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट होकर एक जाजम पर बैठना चाहिए ताकि हर क्षेत्र में समाज की जीत हो सके अगर समाज एकजुट होगा तो कोई भी समाज की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता। समारोह की अध्यक्षता नारायण लाल दम्बीवाल ने की साथ ही समारोह के विशिष्ट अतिथि सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर बंबोरिया, विमल कुमावत, सोहनलाल, कमलेश कुमावत एवं अभिषेक मारोठीया थे जिन्होंने भी समारोह को संबोधित किया।

## सरकारी अधिकारी ने दुकान के बेसमेंट में किया सुसाइड, नोट में लिखा- मैं थक गया हूं, मैंने सब लौटाया, लेकिन सूदखोरों ने जीने नहीं दिया

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं में एक सरकारी अधिकारी ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। उन्होंने 4 पेज के सुसाइड नोट में सूदखोरों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। सुसाइड नोट में अधिकारी ने लिखा- ये ब्याज पर ब्याज जोड़ते रहे और फिर भी मैं करोड़ों रुपए भरता रहा। मैं थक गया हूं, मैंने सब कुछ लौटाया, लेकिन सूदखोरों ने चैन से जीने नहीं दिया। मामला झुंझुनूं के सदर थाना इलाके के चूरू बाईपास स्थित बीरबल मार्केट का रविवार सुबह 8 बजे का है। जानकारी के अनुसार जिस दुकान में अधिकारी ने सुसाइड किया वो दुकान और उन्हीं की है। कोतवाली थाने के एएसआई रतनलाल ने बताया- सुरेश सैन (54) महिला अधिकारिता विभाग सहायक प्रशासनिक अधिकारी थे। परिजनों की रिपोर्ट पर 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।स्ह ने बताया- हमें सुबह सूचना मिली थी कि बीरबल मार्केट के बेसमेंट में एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली है। मौके पर 4 पेज का सुसाइड नोट बरामद हुआ। सुरेश के जीजा की शिकायत के आधार पर 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। परिवार का आरोप है कि सुरेश सैन लंबे समय से परेशान थे। उन्होंने परिवार से भी अपनी परेशानी शेयर की थी। सुसाइड नोट में सुरेश ने सात लोगों के नाम लिखे हैं- सुधीर, सुरेंद्र कुमार, ताराचंद, यूनुस, विजय कुमार और दो अन्य हैं। सुरेश ने आरोपियों को सूदखोर बताया है। इसमें लिखा है... इन लोगों से पैसे उधार लिए थे, समय पर सब चुका दिए। इसके बावजूद इन लोगों ने ब्याज पर ब्याज जोड़कर करोड़ों रुपए की मांग जारी रखी और लगातार धमकियां दीं। मैंने इनसे लिए पैसे लौटा दिए, फिर भी ये लोग मुझे कर्ज से मुक्त नहीं कर रहे। दुकान की रजिस्ट्री भी नहीं दे रहे। मुझे लगातार परेशान किया जा रहा है, जिससे अब और नहीं सह सकता। सुरेश ने अपने परिवार से माफी मांगते हुए लिखा- मैं थक गया हूं। मैंने सब कुछ लौटाया, लेकिन सूदखोरों ने चैन से जीने नहीं दिया। नोट में उन्होंने यह भी जिक्र किया कि जो दुकान उन्होंने गिरवी रखी थी, उसकी रजिस्ट्री लौटाने से इनकार किया जा रहा है, जबकि रकम पूरी चुका दी गई थी। जानकारी के अनुसार सुरेश सैन ने जिस शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकान में सुसाइड किया है, वो पूरा कॉम्पलेक्स उन्हीं का था। जीजा महेंद्र कुमार ने बताया- सुरेश सैन शनिवार शाम करीब 5 बजे घर से निकले थे। उसके बाद उनका मोबाइल फोन बंद हो गया। परिजन और रिश्तेदारों ने रातभर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। रविवार सुबह उनके जीजा महेंद्र सैन ने फोन पर कई बार कॉल किया, पर जब जवाब नहीं मिला तो वे बीरबल मार्केट पहुंचे। वहां बेसमेंट में अंदर से दरवाजा बंद मिला। जब अंदर झांका तो सुरेश फांसी के फंदे से झूलते नजर आए। परिजनों ने बताया- सुरेश के परिवार में माता-पिता, पत्नी, बेटा, बेटी और पुत्रवधू हैं। बेटा निखिल सहकारिता विभाग टोंक में एलडीसी पद पर तैनात है, पुत्रवधू कोटा में सेकेंड ग्रेड टीचर है।